दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 79 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | मंगलवार, 20 जनवरी 2026 | माघ माह, शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in · badhatarajasthan@yahoo.com · badhatarajasthan.dainik · badtarajasthan







## भारत और UAE में 9 बड़े समझौते

1. 2032 तक भारत-UAE व्यापार 200 अरब डॉलर पहुंचाने का टारगेट
2. न्यूक्लियर एनर्जी में सहयोग, इसमें बड़े और छोटे परमाणु रिएक्टर बनाना शामिल
3. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सुपर कंप्यूटर पर साथ काम करेंगे
4. UAE भारत में डेटा सेंटर बढ़ाने के लिए निवेश करेगा। डेटा एंबेसी बनाने पर भी विचार
5. डिफेंस सेक्टर में मिलकर काम करने के लिए एक समझौते पर साइन
6. स्पेस सेक्टर में सहयोग- जैसे रॉकेट लॉन्च कॉम्प्लेक्स, सैटेलाइट बनाना, जॉइंट मिशन
7. गुजरात के धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के डेवलपमेंट में UAE मदद करेगा
8. UAE भारत को हर साल 5 लाख मीट्रिक टन LNG गैस देगा
9. फूड एंड एग्रो प्रोडक्ट के व्यापार को आसान बनाने के लिए समझौता

### यूएई के राष्ट्रपति सिर्फ 105 मिनट के लिए भारत आए

# डिफेंस-ट्रेड समेत 9 बड़े समझौते किए

## मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पर रिसीव किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को 105 मिनट के संक्षिप्त दौरे पर भारत आए। वो शाम करीब 4:30 बजे भारत पहुंचे थे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया था।

मोदी ने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा था कि, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। दोनों नेताओं के बीच ट्रेड और डिफेंस समेत 9 बड़े समझौते हुए। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि यह दौरा छोटा था, लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी किया गया। विदेश सचिव ने कहा कि इस दौरे की अहमियत यूएई राष्ट्रपति के साथ आए प्रतिनिधिमंडल से समझी जा सकती है। इस प्रतिनिधिमंडल में अबू धाबी और दुबई के शाही परिवारों के सदस्य और कई सीनियर मंत्री व अधिकारी शामिल थे।

## मोदी ने नक्काशीदार झूला और पश्मीना शॉल गिफ्ट की

पीएम मोदी ने सोमवार शाम राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला और कश्मीर की पश्मीना शॉल तेलंगाना में बने चांदी के डिब्बे में रखकर गिफ्ट की। यह पश्मीना शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है। मोदी ने राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल तोहफे में दी। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी घाटी में उगा केसर भी भेंट किया। यह केसर अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है।

**एमईए ने दौरे की जानकारी देते हुए कहा था कि**-दोनों देशों के बीच लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी है। साथ ही, लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी ने आर्थिक रिश्तों को और मजबूती दी है। यह दौरा भारत-यूएई कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने तथा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा। भारत और यूएई के बीच 1972 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, आई 22 और यूएफआई जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी करीबी सहयोग करते हैं।

## गल्फ देशों में यूएई को सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट करता है भारत

यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच 6 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार है। इसमें यूएई ने भारत से 2 लाख करोड़ रुपए का इम्पोर्ट किया है। भारत का यूएई के साथ वित्तीय घाटा है। यानी भारत यूएई से आयात ज्यादा करता है और निर्यात कम। भारत ने वित्तवर्ष 2022-23 में यूएई से 4 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट किया है। भारत ने यूएई के साथ एक ट्रेड पैक्ट पर भी साइन किया था। भारत, यूएई को पेट्रोलियम प्रोडक्ट, मेटल, स्टोन, जेम्स एंड ज्वेलरी, मिनरल्स, फूड आइटम जैसे अनाज, चीनी, फल और सब्जियां, चाय, मांस और सीफूड, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग मशीनरी प्रोडक्ट और कैमिकल्स एक्सपोर्ट करता है। यूएई को भारत के प्रमुख एक्सपोर्ट में पेट्रोलियम प्रोडक्ट, मेटल, स्टोन, जेम्स एंड ज्वैलरी, मिनरल्स, फूड आइटम जैसे अनाज, चीनी, फल और सब्जियां, चाय, मांस और सीफूड, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग मशीनरी प्रोडक्ट और कैमिकल्स शामिल हैं।



## बंगाल एसआईआर, गड़बड़ी वाले 1.25 करोड़ नाम सार्वजनिक करने का निर्देश

### सुप्रीम कोर्ट बोला- जांच पारदर्शी रहे, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया। कहा कि वे 10 दिन में अपने डॉक्यूमेंट्स चुनाव आयोग को पेश करें। चुनाव आयोग ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान नाम, सरनेम, आयु में गड़बड़ी की वजह 1.25 करोड़ वोटर्स को लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा कहा चुनाव आयोग गड़बड़ी वाली वोटर लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय और वार्ड कार्यालय में सार्वजनिक लगाए, ताकि लोगों को पता चल सके। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- सिर्फ तर्क के आधार पर आम लोगों को परेशान नहीं किया जा सकता है। वोटर लिस्ट में सुधार की प्रक्रिया जरूरी है, लेकिन यह पारदर्शी और समय पर हो। चुनाव आयोग लोगों की परेशानी को समझे।

**पर्याप्त श्रमशक्ति उपलब्ध कराएं**- उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि दस्तावेज और आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए कार्यालय पंचायत भवनों या ब्लॉक कार्यालयों के भीतर स्थापित किए जाएंगे। पीठ ने कहा, राज्य सरकार पंचायत भवनों और प्रखंड कार्यालयों में तैनाती के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को पर्याप्त श्रमशक्ति उपलब्ध कराएगी।

# राजस्थान में हाईवे से नहीं हटेंगी शराब की दुकानें

- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई अंतरिम रोक
- करीब 2100 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान था




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में नगर निकाय की सीमा से गुजरने वाले हाईवे पर बनी करीब 1102 शराब की दुकानें बंद नहीं होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हाईकोर्ट के इन दुकानों को हटाने और ट्रांसफर करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह अंतरिम रोक राज्य सरकार और अन्य लाइसेंस धारकों द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए लगाई। सरकार की ओर से पैरवी करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट अपने अलग-अलग आदेशों से नगर निकाय सीमा में 500 मीटर की बाध्यता से राहत दे चुका है। ऐसे हाईकोर्ट अपने आदेशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित विधि को नजरअंदाज और निरस्त नहीं कर सकता है।

### 500 मीटर की परिधि में स्थित दुकानों को हटाने के निर्देश

हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जोधपुर ने 24 नवंबर 2025 को आदेश देते हुए राज्य सरकार को निर्देशित किया था कि वह राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों से 500 मीटर की परिधि में स्थित सभी शराब दुकानों की पहचान कर उन्हें हटाए एवं स्थानांतरित करे, भले ही वे नगर निगम सीमा, स्थानीय स्वशासी निकायों या वैधानिक विकास प्राधिकरणों के अंतर्गत आती हों। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि नगर सीमाओं का विस्तार सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों को शिथिल करने का आधार नहीं बन सकता हैं।

### राज्य को हो रहा था 2100 करोड़ का नुकसान

इन दुकानों के बंद होने से राज्य सरकार को करीब 2100 करोड़ के राजस्व के नुकसान होने का अनुमान था। लेकिन हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि दुर्घटना संबंधी आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सार्वजनिक सुरक्षा, लगभग 2100 करोड़ रुपए के संभावित राजस्व नुकसान जैसी वित्तीय चिंताओं पर वरीयता रखती है।

इसी आधार पर राज्य को निश्चित समय-सीमा में सभी ऐसी दुकानों को बंद अथवा स्थानांतरित करना होगा।

## लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में 5.7 तीव्रता का भूकंप, नुकसान की कोई खबर नहीं

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.7 मापी गई भूकंप का केंद्र लद्दाख क्षेत्र के लेह इलाके में था। स्थानीय मौसम विभाग के डायरेक्टर मुख्तार अहमद ने न्यूज़ एजेंसी को बताया, सुबह 11.51 बजे रिक्टर स्केल पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र लद्दाख क्षेत्र के लेह इलाके में था। भूकंप के कोऑर्डिनेट्स अक्षांश 36.71 उत्तर और देशांतर 74.32 पूर्व थे। यह धरती की सतह से 171 किलोमीटर अंदर आया। अब तक कहीं से भी किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। लद्दाख क्षेत्र और घाटी के कुछ हिस्से भूकंप के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में आते हैं।

8 अक्टूबर, 2005 को सुबह 8.50 बजे रिक्टर स्केल पर यहां 7.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद शहर में था। इस भूकंप से पूरा मुजफ्फराबाद शहर मलबे में बदल गया था।

# एसआई भर्ती पेपरलीक के मुख्य आरोपी को जमानत

### हाईकोर्ट ने कहा- 3 साल की अधिकतम सजा, करीब 2 साल जेल में रह चुका

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी जगदीश विश्नोई को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा- पेपर लीक के स्पेशल एक्ट में आरोपी पर जिन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, उनमें अधिकतम 3 साल की सजा का प्रावधान है। आरोपी करीब दो साल से जेल में हैं। प्रकरण में अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं। वहीं आरोपियों की संख्या और गवाहों की संख्या के कारण ट्रायल में लंबा समय लगेगा। ऐसे में आरोपी को जमानत दी जाती हैं।

### सरकारी वकील बोले- गैंग बनाकर पेपर लीक करने का आरोप

जमानत का विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा ने कहा- जगदीश विश्नोई निवासी दांता (सांचौर) इस मामले में मुख्य आरोपी है, जिसने गैंग बनाकर पेपर लीक किया और भर्ती प्रक्रिया की पवित्रता को भंग किया है। उसने रविन्द्र बाल भारती स्कूल के संचालक राजेश खंडेलवाल से 10 लाख रुपए में पेपर का सौदा किया। परीक्षा से पहले पेपर वॉट्सऐप पर लेकर सॉल्वर से सॉल्व करवाया। इसके बाद कई अभ्यर्थियों से मोटी धन राशि लेकर उन्हें सॉल्व पेपर पढ़वाया।

इनमें से 25 अभ्यर्थियों का एसआई भर्ती में चयन भी हुआ। आरोपी के पास से हिसाब-किताब की डायरी भी बरामद हुई हैं, जिसमें रुपयों के लेन-देन का उल्लेख है।

# एन एच-48 के पावटा कस्बे में पलटा टैंकर

## पैराफिन रिसाव के बाद भड़की आग, छह दमकलों ने घंटों चलाया रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना इलाके में जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर पावटा कस्बे में रविवार रात करीब 8.30 बजे पैराफिन केमिकल से भरे टैंकर और ट्रेलर की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। भीषण टक्कर के बाद टैंकर पलटा और पैराफिन का रिसाव शुरू होते ही तेज घर्षण के चलते आग भड़क उठी। कुछ ही क्षणों में आग की लपटों ने टैंकर को चपेट में ले लिया और हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लपटों की ऊंचाई और रिसाव के चलते आग लगातार तेज होती गई, वहीं दोनों दिशाओं से आने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम जैसी स्थिति बन गई।

हादसे की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक को डायवर्ट किया ताकि कोई दूसरा हादसा न हो और हाईवे पर लपटों के निकट किसी प्रकार का जोखिम न रहे।

सूचना पर पावटा, कोटपूतली, शाहपुरा व ग्रासिम सीमेंट प्लांट सहित कुल छह दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की। आग की तीव्रता बढ़ती देख जयपुर से भी अतिरिक्त दमकल बुलानी पड़ी। साथ ही बिजली लाइनों को भी एहतियातन काट दिया गया क्योंकि आग की लपटें तारों के नजदीक पहुंच चुकी थीं।

टैंकर चालक सरोज पाल पुत्र केदारपाल (निवासी उत्तर प्रदेश) ने बताया कि वह टैंकर को गुजरात के मुद्रा पोर्ट से उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहा था। पावटा कस्बे में पहुंचते ही टैंकर का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया, जिसने डिवाइडर तोड़कर सामने से आ रहे ट्रेलर से टक्कर मार दी। चालक ने बताया कि लगातार गाड़ी को नियंत्रित करने की कोशिश के बावजूद टैंकर पलटने लगा, जिसके बाद उसने तुरंत छलांग लगाकर खुद को बाहर निकाल लिया। हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई जो सबसे राहत भरा पक्ष रहा। मौके पर प्रागपुरा थाना प्रभारी भजना राम ने राहत व बचाव की कमान संभाली।

कुछ समय बाद कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई, पावटा एसडीएम डॉ. साधना शर्मा, विराटनगर डिप्टी उमेश निठारवाल, कोटपूतली डिप्टी राजेंद्र बुरड़क समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

फिलहाल प्रशासन ने हाईवे पर रासायनिक व भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर अतिरिक्त सावधानी और सुरक्षा उपायों के निर्देश दिए हैं।



# कांग्रेस गिना रही खामियां तो भाजपा बता रही खूबियां

### वीबी-जीराम-जी योजना पर लगातार आ रही प्रतिक्रियाएं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** वीबी-जीराम-जी योजना को लेकर जहां विपक्ष लगातार हमलावर हो रहा है, वहीं, भाजपा भी लगातार लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। कांग्रेस नेता इन दिनों गांवों में भ्रमण करते हुए इस योजना की खामियां गिना रहे हैं। उनका कहना हैं कि योजना का नाम तो बदला ही है लोगों का रोजगार छीनने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया गया है। वहीं, भाजपा इस योजना के बदले हुए नाम को लेकर यह दावा कर रही है कि योजना को संशोधित किया है तथा यह स्थायी आजीविका की गारंटी देने वाली योजना है। इससे गांवों में रोजगार व आत्मनिर्भरता की नई क्रांति आएगी।

### लगातार दो दिन से दे रहे प्रतिक्रिया

भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने सोमवार को प्रेस नोट जारी कर इस सम्बंध में अपनी प्रतिक्रिया दी है। महज एक दिन पहले ही भाजपा ने योजना को लेकर पत्रकार वार्ता की थी। इसमें योजना को लेकर जानकारी साझा की थी। इस दौरान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुम्बाराम चौधरी के साथ जिलाध्यक्ष भी शामिल रहीं। इसी मुद्दे पर एक ही दिन बाद वापस प्रतिक्रिया देने का औचित्य समझ से परे हैं।

### आजीविका पर सरकार का सीधा हमला

उधर, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने शिवगंज तहसील के खन्द्रा, अरठवाड़ा, भेव, पोसालिया, बागसीन, वाण, अंदोर व मोरली का दौरा कर ग्रामीणों को सम्बोधित किया। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ग्रामीणों की आजीविका पर सीधा हमला कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है। पहले पूरा बजट केंद्र सरकार देती थी, वहीं अब 60 प्रतिशत राशि केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार पर डाल दी गई है, जिससे साफ है कि सरकार की मंशा मनरेगा से पल्ला झाड़ने की है।

### योजना का दुष्प्रचार कर रही कांग्रेस

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह योजना स्थायी आजीविका की गारंटी है। आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी लोगों को भ्रम में डालकर योजना का दुष्प्रचार कर रही है। योजना श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार का केंद्र बनी हुई थी। अब पुराने प्रावधानों को संशोधित करते हुए गांवों को अधिक अधिकार और स्वायत्तता दी गई है, जिससे पलायन रूकेगा एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

# संगरिया में सनसनीखेज मुठभेड़

## 25 हजार का इनामी तस्कर धराया, सीआई की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** पंजाब सीमा से सटे संगरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब पुलिस और 25 हजार रुपये के इनामी ड्रग तस्कर के बीच जोरदार मुठभेड़ हो गई। नाकाबंदी के दौरान बदमाश ने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में संगरिया थाना प्रभारी सीआई अमर सिंह बाल-बाल बच गए, क्योंकि बदमाश द्वारा चलाई गई दो गोलियां सीधे उनकी बुलेटप्रूफ जैकेट में जा धंसीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया।

### नाकाबंदी के दौरान अचानक हमला

पुलिस अधीक्षक हरी शंकर यादव ने बताया कि एजीटीएफ (तज्ञस्न) से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर संगरिया पुलिस, एजीटीएफ और डीएसटी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार शाम करीब 8 बजे तरमाला पुलिया, रोही भाखरांवाली क्षेत्र में नाकाबंदी की। रात करीब 9 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति पंजाब की ओर से तरमाला पुलिया पार कर राजस्थान सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने देसी पिस्टल निकालकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

### सीआई पर दागी गईं दो गोलियां

आरोपी द्वारा किए गए दो फायर सीधे सीआई अमर सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। अचानक हुए हमले के बाद पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। पुलिस द्वारा किए गए तीन फायर में से एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा।





### मौके से हथियार सहित गिरफ्तार

घायल आरोपी को पुलिस ने अवैध हथियार सहित मौके पर ही दबोच लिया। उसकी पहचान राजवीर उर्फ लक्की झोरड़ (27) पुत्र सुशील कुमार जाट, निवासी ढाणी चक 5 केएचआर, खाराखेड़ा थाना टिब्बी के रूप में हुई है। पहले उसे संगरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में हनुमानगढ़ टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हरी शंकर यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद विश्नोई, डीएसपी रमेश माचरा, डीएसपी करण सिंह, टाउन सीआई अशोक विश्नोई, पल्लू थानाधिकारी सुरेश मील सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बुलेटप्रूफ जैकेट ने बचाई सीआई की जान, पुलिस की सतर्कता से एक खतरनाक तस्कर को दबोचने में बड़ी सफलता मिली।

# ग्राम दांतिल में 2 फरवरी को स्व. इंद्र सिंह भाटी दौड़ प्रतियोगिता

### विजेताओं को 51 हजार तक का इनाम



**पावटा ( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम दांतिल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आगामी 2 फरवरी को स्वर्गीय इंद्र सिंह भाटी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की रेसें होंगी जिनमें 400 मीटर, 800 मीटर व 1600 मीटर की दौड़ें शामिल हैं, जबकि बालिकाओं के लिए अलग से 400 मीटर रेस रखी गई है। इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक भाटी परिवार के हरि सिंह भाटी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। उन्होंने कहा खेल की इस परंपरा को स्व. इंद्र सिंह भाटी की स्मृति में हर वर्ष ग्राम दांतिल में आयोजित किया जाता है। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष कुल लगभग 51,000 रुपये तक के इनाम प्रदान किए जाएंगे। भाटी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, खेलभावना को प्रोत्साहित करना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, शिव विधायक रवींद्र सिंह भाटी, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व विधायक रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, पूर्व प्रत्याशी मुकेश गोयल, पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़, कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई, प्रधान महालेखाकार राजस्थान सतीश गर्ग, अधीक्षक सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर सहित पार्षद, सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

# आल्पा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** शिवगंज ब्लॉक स्थित आल्पा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत प्रमाणन दिया गया है। केंद्रीय टीम की ओर से पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया गया था। इस आधार पर प्रमाण पत्र दिया गया है। सीएमएचओ डॉ.दिनेशकुमार खराड़ी ने बताया कि दो सदस्यीय टीम ने पहले किए गए मूल्यांकन की रिपोर्ट के आधार पर पीएचसी को प्रमाणन प्रदान किए जाने की प्रक्रिया पूर्ण की। प्रमाणन दर्शाता है कि इस पीएचसी पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाएं राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरती है। बताया कि इससे मरीजों का भरोसा बढ़ेगा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी। मूल्यांकन के समय बीसीएमओ डॉ. कौशल ओहरी, डॉ.ऋषि दत्त व नर्सिंग ऑफिसर दिनेश साथ रहे।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़े कार्यक्रम में कुर्सियां का रहा टोटा

## ● खुशामद करते आयोजकों ने होलसेल में पहनाए साफा-शॉल ● तमाम तामझाम के बावजूद प्रचार न पा सकी प्रदर्शनी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रदर्शनी सोमवार से शुरू की गई। शहर के नेहरू पैवेलियन में स्टॉल्स लगाकर विभिन्न योजनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन तमाम तामझाम के बावजूद प्रदर्शनी प्रचार नहीं पा सकी। संभवतया यही कारण रहा कि भीड़ के नाम पर स्कूली बच्चों को लाया गया, लेकिन कुर्सियों का टोटा रहने से उनके लिए भी समुचित बैठक व्यवस्था नहीं हो पाई। ऐसे में कई बच्चों को नीचे बैठाया गया। वहीं, शुभारंभ समारोह अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा रहा। मंच पर अतिथियों की भरमार रही। कुछ तो एक-दूसरे में सटकर और परस्पर फंसे हुए से बैठे दिखे। हां, आयोजन समिति ने खुशामद करने में कोई कमी नहीं रखी। फिर चाहे मंच पर अतिथि सम्मान की बात हो या साफा पहनाने व शॉल ओढ़ाने की रस्म। आयोजन समिति की ओर से साफा-शॉल शायद होलसेल में लाए गए थे। वैसे इस कार्यक्रम में कोई प्रशासनिक अधिकारी नजर नहीं आया।

### नाम पुकारा पर वे ऊपर नहीं चढ़े

कार्यक्रम के दौरान अतिथि सम्मान की होलसेल स्थिति को भांपकर मंच से नीचे बैठे कुछ पदाधिकारी नाराज से दिखे। आयोजकों की ओर से साफा पहनने के लिए उनके नाम भी पुकारे गए, लेकिन वे लोग मंच पर नहीं चढ़े एवं हाथ जोड़कर मना कर दिया। उनका कहना रहा कि इस तरह की खुशामदगी वे पसंद नहीं करते।

### अव्यवस्था की भेंट चढ़ा सांसद का वक्तव्य

जिन सांसद की बदौलत यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है उनका वक्तव्य ही अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा रहा। जी हां, मुख्य अतिथि सांसद लुम्बाराम चौधरी के वक्तव्य के दौरान ही माइक बंद हो गया। ऐसे में अपने वक्तव्य का आधा हिस्सा वे बगैर माइक ही बोलते नजर आए। नीचे बैठे कुछ लोगों ने कहा भी कि आपकी आवाज वैसे ही बुलंद है ऐसे ही चलने दीजिए।



### अलग-अलग दर्शाया प्रदर्शनी का समय

केंद्र व राज्य की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार करने के लिहाज से आयोजित इस प्रदर्शनी तक लोग आखिर क्यों पहुंच नहीं पाए यह सोचने वाली बात है। वैसे प्रदर्शनी के प्रचार को लेकर लगाए गए बैनर व होर्डिंग भी अलग-अलग तरह की जानकारी साझा कर रहे हैं। प्रदर्शनी शुरू होने के समय में आधा घंटे का अंतराल दर्शाया गया है, जो लोगों में भ्रम पैदा कर रहा है।

### नवाचार का अवलोकन कर लाभ उठाएं

उधर, विजन राजस्थान-2026 के तहत आयोजित प्रदर्शनी के आगाज पर सांसद लुम्बाराम चौधरी ने योजनाओं एवं नवाचार से लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में कई तरह के नवाचार एवं विकास कार्यों के स्टॉल लगाए गए हैं। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम, भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व उप मंत्री भूपेंद्र देवासी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पशुपति कल्याण परिषद बलीचा स्थित गौशाला में आज परिषद का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गो शाला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष परिषद द्वारा हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति गोपाल अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि प्रेम गोयल एवं राकेश गुप्ता थे। इस अवसर पर गो शाला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं गो भक्तों का स्वागत अभिनंदन किया,साथ ही गो शाला के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं गो माता के सेवा का प्रमुख रूप से सभी को संकल्प कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दानदाताओं, एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महेश मित्तल, हिमकुमार अग्रवाल,हिम्मतलाल पोखरना,चंद्रभान ,मोतीसिंह खमेसरा, ओम नंदवाना, श्यामचैबीसा, राकेश मूंदड़ा, रजनीश बंसल लायंस क्लब उदयपुर एलीट से नितिन शुक्ला, अशोक चैधरी, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा जिला ईकाई जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ की जिला इकाई जिला अध्यक्ष पुष्पलता तायल एवं समस्त जिला एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्यओ का स्वागत अभिनंदन किया गया।

# रवि खमेसरा की पार्थिव देह आरएनटी मेडिकल कॉलेज को समर्पित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** डाक टिकट संग्रहकर्ता अंबावगढ़ निवासी रवि खमेसरा का रविवार को निधन होने पर उनके परिजनों ने रवि खमसेरा की अंतिम ईच्छानुसार की उनकी पार्थिव देह का सोमवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज को देहदान कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

लच्छीराम हंजाबाई सुखलेचा चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव गौतम सुखलेचा ने बताया कि मोक्ष रथ में उनकी पार्थिव देह को भावभीनी देहदान यात्रा के साथ आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर लाया गया। यहां सैकड़ों समाजजनों एवं परिजनों की उपस्थिति में एनाटॉमी विभाग में विधिवत रूप से देहदान की प्रक्रिया संपन्न की गई।

# उदयपुर के 40 खिलाड़ी ने कराटे में हासिल किए कलर बेल्ट

## एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स का 22वा बेल्ट ग्रेडिंग का रिजल्ट घोषित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स राजस्थान के 40 खिलाड़ी को कलर बेल्ट आज आयोजित एक समारोह में वितरण किया गया।

डायरेक्टर संजू सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में बेल्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला नोडल अधिकारी कैंसर विभाग मेडिकल कॉलेज अलवर के डॉ सुखवीर तंवर और ए नाइस कोच एंड नेशनल बॉक्सिंग प्लेयर वर्धमान सिंह नरेगा और द रे मार्शल आर्ट अकैडमी उदयपुर के डायरेक्टर ललित बैरागी थे।

कलर बेल्ट हासिल करने वाली खिलाड़ियों में ब्राउन बेल्ट तृतीय सिया चैहान, ब्राउन बेल्ट द्वितीय,

अनवी अवधथी, देवांश टाटावत, कशिश टाटावत,ब्राउन बेल्ट प्रथम मितांश दांगी को प्रदान किया गया। ब्लू बेल्ट आरवी जैन, चारवी सुराणा, धैर्य सैनी, हरिमेधा शर्मा, ग्रीन बेल्ट सोहित बापना, विवान डांगी, विनी ओझा, ऑरेंज बेल्ट जिज्ञांश सिंह, जेनिश शर्मा, झील मेहता, दीप सिंह, मनस्वी सोनवाल, सतनाम कौर, राव्या तलेसरा, पूर्णेश सिंह, पेहुल शर्मा, यशस्वी गोस्वामी को,येलो बेल्ट

भौमिक जेठी, भुवन्या शर्मा, दिव्यांशी चैबे, दिव्या पांडे, करण गहलोत, कवीर सिंह भाटी, इप्शिता गर्ग, मेहरांश सिंह, मानविक दांगी, पालिशा दांगी, परीक्षित सोनी, राघव कंठालिया, शिवांश बार्बर, वियान शर्मा, वैष्णवी सोनी, यति व्यास, युविका, जावियन अहमद शेख को प्रदान किया गया।

सेन्सेई संजू सिंह ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से सभी खिलाड़ी कराटे खेल में आने वाले समय में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

करटे इंडिया ऑर्गेनाइजर के प्रेसिडेंट भरत शर्मा, जनरल सेक्रेटरी संजीव जांगड़ा,एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर और इंडियन



करटे टीम कप्तान सेन्सेई अनिकेत गुप्ता एवं दीपिका दीवान, अख्तर, नवीन बिंदिया, बसु, राजसंचू, धर्मेंद्र, संस्कार पार्थ वेद आदित्य सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य शुभकामनायें दी।

# मुख्य सचिव ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की, 53 हजार से अधिक लोगों को मिला 466 करोड़ से अधिक का ऋण : मुख्य सचिव

## राजस्थान पंजीकरण में पहले, ऋण स्वीकृति एवं वितरण में दूसरे और प्रशिक्षण में तीसरे स्थान पर

**बढ़ता राजस्थान**



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सोमवार को शासन सचिवालय में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर राजस्थान में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में 1 जनवरी, 2026 तक बैंकों के द्वारा 53,552 लोगों को 466.70 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया जा चुका है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि संबंधित बैंकों के साथ बैठक कर ऋण स्वीकृत करने में आ रही परेशानियों को दूर किया जाए, ताकि अधिक से अधिक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, टूल किट वितरण, बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत और प्रशिक्षण में आने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी ली और सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि राजस्थान पीएम विश्वकर्मा योजना में ऋण स्वीकृति एवं वितरण में देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य का औसत ऋण टिकट साइज 87,000 रुपये है, जो कि राष्ट्रीय औसत 83,000 रुपये से अधिक है। टूलकिट वितरण तथा कारीगरों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में राजस्थान राज्य देश में तृतीय स्थान पर है। स्वर्णकार, हथौड़ा एवं टूलकिट निर्माता, कुम्हार तथा मूर्तिकार ट्रेड्स में सफलतापूर्वक पंजीकरण की संख्या के आधार पर राजस्थान राज्य प्रथम स्थान पर है। राज्य के कारीगरों को अमेजन, मीशो और फैब इंडिया जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑफलाइन विपणन के लिए दिल्ली हाट और रेलवे स्टेशनों से जोड़ा गया है।

मुख्य सचिव ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना से वंचित लाभार्थियों को राज्य सरकार की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण देने के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग श्री शिखर अग्रवाल, आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग श्री सुरेश ओला साथ ही, निदेशक एमएसएमई भारत सरकार, श्री प्रदीप ओझा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एस सेट परीक्षा 2026 के प्रथम चरण का हुआ सफल आयोजन

**बढ़ता राजस्थान**



**रींगस (नि.स.)।** रींगस की सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को एस सेट परीक्षा 2026 के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व कविता सक्सेना ने बताया कि छात्रवृत्ति व नगद पुरस्कार के लिए आयोजित इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा नियंत्रक फिजिक्स हेड प्रदीप सैनी,मैथ हेड महेंद्र सामोता एवं को ऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर महेंद्र सिंह महला ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा 10 व 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का दूसरा चरण 8 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने प्रथम चरण में भाग नहीं लिया है वे दूसरे चरण में भाग ले सकते हैं, तथा जिन्होंने प्रथम चरण में भाग ले लिया है वे भी द्वितीय चरण में भाग लेकर अपने अंको में सुधार कर सकते हैं। दूरदराज से आए स्कूली छात्र-छात्राओं से बात की गई तो उन्होंने पेपर के स्तर को बहुत अच्छा बताया साथ ही ग्रामीण परिवेश में स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिवर्ष स्थापित किए जा रहे आयामों की खुलकर सराहना की। प्रथम चरण की परीक्षा में 1077 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के सफल आयोजन में स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट के कृष्ण कुमार छीपा,झाबर निठारवाल ,मुकेश देवंदा,मुकेश मील, रमेश हरितवाल, अर्जुन राजोरिया,दिनेश सैनी, विक्रम यादव, पिंटू कुमावत, पंकज बागडिय़ा, भागचंद कुमावत,केदार बुला,विजय गोपाल शर्मा, अशोक कुमावत, अंकित चौधरी,सुशील कुमार, रविन्द्र,शीलू पारीक, मनोज कुमावत, देवेंद्र सिंह रत्नू ,अशोक मोगा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए यह सफल आयोजन करवाया।

# ब्रह्माकुमारी संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**बढ़ता राजस्थान**



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु कीर्ति कुंज रेलवे स्टेशन रोड चौमू मे बीके प्रेम बहन और बीके मंगला बहन के सानिध्य में ब्रह्माकुमारी संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीके मंगला बहन ने प्रजापिता ब्रह्मा की जीवनी बताई और उस समय ब्रह्मा के साथ भाई बहनों द्वारा जो दिव्य अनुभव किए गए उन्हें साझा किया । प्रेम बहन, मंगला बहन ने बताया कि ब्रह्मा बाबा ने आज से 90 साल पहले 1936 में इस संस्था की स्थापना की थी । संस्था की स्थापना का उद्देश्य भारत को फिर समृद्ध भारत बनाना है। उन्होंने बताया कि विदेशों में ब्रह्माकुमारी संस्था के 8000 से भी अधिक सेवा केंद्रों द्वारा इस दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। शाम को भाई बहनों ने मिलकर संगठन में ज्ञान और योग की चर्चा की और ब्रह्मा बाबा के साथ भाई-बहनों द्वारा अनुभव किए गए अनुभवों को याद किया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े हुए बीके ओम प्रकाश भाई ने बताया कि जितना हम परमात्मा शिव को याद करते हैं? उनसे योग लगाते हैं उतनी? आत्मा शक्ति संपन्न बनती जाती हैं और हम गुणो से भरपूर बनते जाते हैं । कार्यक्रम के अंत में बीके विष्णु भाई पूर्व सरपंच कालाडेरा ने पधारे हुए भाई बहनों का आभार व्यक्त किया।

# सांगानेरी गेट सब्जी मंडी जयपुर में 20 जनवरी को लगेगा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर प्रथम।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार प्रारंभ करने अथवा संचालन के लिए सक्षम प्राधिकारी से फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना वैधानिक रूप से अनिवार्य है। इसी क्रम में 20 जनवरी 2026 (मंगलवार) को सांगानेरी गेट सब्जी मंडी जयपुर, में प्रात: 10.30 बजे से सायं 4.00 बजे तक एक दिवसीय फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राज्य की श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी शुभमंगला के निर्देशानुसार विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों को एक ही स्थान पर लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बिना फूड लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। अत: शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य कारोबार से जुड़े विक्रेता, निर्माता, थोक एवं फुटकर व्यापारी, फेरीवाले, केटरिंग सेवा प्रदाता, ट्रांसपोर्टर, फूड प्रोडक्शन एवं विक्रय से जुड़े प्रतिष्ठान, मेडिकल स्टोर, मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले, स्वयं सहायता समूह, अस्पताल, स्कूल एवं कॉलेज कैंटीन, छात्रावास कैंटीन, राजकीय व निजी वेयरहाउस, दुग्ध विक्रेता, डेयरी, चाय-पान की दुकानें, फल-सब्जी, मांस-अंडा विक्रेता, हाट बाजार में खाद्य कारोबार करने वाले सभी व्यापारी इस शिविर में पहुंचकर लाभ उठा सकते हैं। शिविर में खाद्य कारोबार से जुड़े लोग नए लाइसेंस, नवीनीकरण (रिन्यूअल) एवं संशोधन (मॉडिफिकेशन) के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदकों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, प्रोपराइटर का नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। डॉ. शेखावत ने बताया कि शिविर के दौरान पात्र आवेदकों को मौके पर ही खाद्य लाइसेंस एवं खाद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी कर वितरित किए जाएंगे। उन्होंने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ लें ।

# एक जिला-एक पहचान थीम पर आयोजित होगी पंच गौरव चित्रकला प्रतियोगिता

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पंच-गौरव प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों को योजना की महत्ता, उपयोगिता एवं आवश्यकता से परिचित कराने के उद्देश्य से दिनांक 22 जनवरी को जयपुर जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को आयोजन के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी है। चित्रकला प्रतियोगिता की थीम एक जिला-एक पहचान निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी आमेर दुर्ग, कबड्डी खेलते हुए खिलाड़ी, रत्नाभूषण, आंवला का पौधा एवं उससे निर्मित उत्पाद तथा लिसोड़ा का पौधा एवं उससे निर्मित उत्पादों से संबंधित चित्र बनाएंगे।

# नगर निगम चुनाव को लेकर एआईएमआईएम का मास्टरप्लान

## जयपुर में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बड़ी बैठक हर ज़िले को मजबूत करने का ऐलान

**बढ़ता राजस्थान**




**जयपुर (का.स.)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलिमीन राजस्थान प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जनाब जमील़ अहमद खान साहब ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजस्थान भर से पार्टी के सभी जिम़्मेदार पदाधिकारी शामिल हुए। आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई और पार्टी को प्रदेश के हर जिल़े में मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों को नई जिम़्मेदारियां सौंपी गईं। प्रदेश अध्यक्ष जमील़ अहमद खान ने कहा कि र्‌ढ्ढरूढ्ढरू अब राजस्थान के हर जिले में मज़बूत संगठन खड़ा करेगी और आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाएगी। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी तैयारी पर गहन चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई फ्रिज वाला, प्रदेश उपाध्यक्ष लुकमान खान, प्रदेश महासचिव इमरान नवाब, जोधपुर जिला अध्यक्ष इमरान खिलजी साहब, जोधपुर जिला महासचिव समीर खान ( उर्दू), जुबेर भाई, नाजिम अली सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई फ्रिज वाला ने कहा कि र्‌ढ्ढरूढ्ढरू राजस्थान में एक मज़बूत विकल्प बनकर उभरेगी और समाज के हर तबके के हक़ की लड़ाई लड़ेगी जैसलमेर बाड़मेर जोधपुर नागौर टोंक अलवर पूरे राजस्थान से कार्यकर्ता मौजूद है।

# जल संकट के बीच अवैध पाइपलाइन पर उबाल, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

## पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हुआ पाइपलाइन कार्य

**बढ़ता राजस्थान**



**रींगस (नि.स.)।** ग्राम पंचायत महरोली के जोहड़ादास बाबा के पास स्थित बास की ढाणी से ग्राम पंचायत छीलावाली की नालवाली ढाणी तक पानी की पाइपलाइन बिछाने को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। महिलाओं व पुरुषों ने मौके पर पहुंचकर कार्य रुकवाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले ही गंभीर जल संकट है और एक दिन छोडक़र एक दिन ही पानी की आपूर्ति हो रही है, ऐसे में महरोली की टंकी से अवैध रूप से पानी दूसरी पंचायत क्षेत्र में पहुंचाया जा रहा था।विरोध की सूचना पर रींगस थानाधिकारी सुरेश पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। जलदाय विभाग रींगस के कनिष्ठ अभियंता अंकुर चौधरी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। पुलिस व प्रशासन ने ग्रामीणों से समझाइश की लेकिन इसके बावजूद पाइपलाइन जोडऩे की कार्रवाई किए जाने से ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन वन विभाग की भूमि एवं संरक्षित क्षेत्र से होकर डाली जा रही थी, जो बिना अनुमति गैरकानूनी है। इस संबंध में वर्ष 2024 में भी नोटिस जारी किया जा चुका था। इसके बावजूद दोबारा कार्य शुरू कर दिया गया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फूट पड़ा।ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरी कार्रवाई प्रशासन की मौजूदगी में करवाई गई जिससे ग्रामीणों के जल अधिकारों पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि 22 जनवरी को ग्राम पंचायत में ग्राम सभा बुलाकर इस निर्णय को बदलने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। साथ ही यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के समक्ष भी विरोध दर्ज करवाया जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई मंत्रीजी के बेटे द्वारा करवाई जा रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान सरपंच प्रतिनिधि सुरेश झाझरिया, पूर्व उपसरपंच मनोज झाझरिया, बंशीधर देवंदा, रामकिशोर देवंदा, जगदीश प्रसाद देवंदा, झाबरमल झाझरिया, पूर्व उपसरपंच राजेंद्र सिंह, समाजसेवी शंकर सिंह फौजी, गंगा सिंह, उपेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह, राजेंद्र सिंह, उदय सिंह, नंद सिंह, भागीरथ सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिव शक्ति श्याम महायज्ञ की भूमि व ध्वजा पूजन

**बढ़ता राजस्थान**



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** हाडोता स्थित वैष्णोदेवी मंदिर प्रांगण में महाराज सिताराम दास व गजानंद देवी उपासक रिसाणी धाम महाराज के आचार्यत्व मे नवकुण्डात्मक शिव शक्ति श्याम महायज्ञ की भूमि व ध्वजा पूजन किया गया । इस अवसर पर महाराज गजानंद देवी उपासक ने कहा की यह आयोजन 21 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा । इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। यज्ञ संयोजक राकेश महाराज, मुकेश दिक्षित, दिनेश गौतम, गोपाल जांगिड़ व मदन स्वामी आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत वीबी-जी-राम-जी योजना पर बीजेपी की प्रेस वार्ता

## विपक्ष के दुष्प्रचार पर काउंटर, आत्मनिर्भर भारत के विजन को बताया ऐतिहासिक

**बढ़ता राजस्थान**




**पावटा (सुशील कुमार बंसल )।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हॉलिडे फन रिसोर्ट में सोमवार को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत वीबी-जी-राम-जी को लेकर भाजपा द्वारा जिला स्तरीय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा उपस्थित रहे, जबकि मंच पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, लोकसभा प्रभारी सतवीर यादव, जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिला कार्यालय प्रभारी अशोक सुरेलिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के बाद आगंतुक अतिथियों व पत्रकार बंधुओं का नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित कर माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं ने क्रमवार विकसित भारत वीबी-जी-राम-जी योजना के उद्देश्यों, लाभों और प्रभावों को विस्तार से समझाया तथा विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार व भ्रम पर कड़ा प्रत्युत्तर दिया। प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, रोजगार और नवाचार की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। वीबी-जी-राम-जी योजना इसी विजन का मजबूत स्तंभ है। विपक्ष आरोप लगाता है, लेकिन उनके पास तथ्य नहीं हैं। यह योजना युवाओं, महिलाओं, किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करेगी और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगी। वहीं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा यह योजना सिर्फ आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का भी माध्यम है। लोकसभा प्रभारी सतवीर यादव ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा जिन दलों ने दशकों तक देश को आर्थिक रूप से कमजोर रखा, आज वही विकास के रास्ते में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। जनता सब जानती है, भ्रम की राजनीति अब नहीं चलेगी। जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि वीबी-जी-राम-जी पर जनजागरण अभियान जारी रहेगा। जनता को सही जानकारी मिले और योजना का लाभ हर वर्ग तक पहुँचे, यही उद्देश्य है। पत्रकारों ने कई प्रश्न पूछे, जिनका भाजपा नेताओं ने तथ्यों के साथ जवाब दिया और कहा कि यह योजना आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के विजन को मजबूत आधार दे रही है और आने वाले वर्षों में इसके परिणाम लोकतांत्रिक, आर्थिक एवं औद्योगिक क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। कार्यक्रम के अंत में स्नेह मिलन के दौरान पत्रकारों को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया और सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी गईं।


## कार्यालय नगरपालिका, उनियारा जिला टोंक (राज0)

क्रमांक : नपाउ / 2025–26 / 3335 — दिनांक 13.01.2026

**–: निविदा सूचना :–**

इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित कार्य के लिए पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के सवेंदको / फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में सीलबन्द लिफाफो में निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ईस कार्यालय में दिनांक 23.01.2026 .को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है, जो उसी दिनांक को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय में जमा कराये जा सकते है। निविदाऐं उसी दिनांक को मध्यान्ह 4.00 बजे तक उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। **NIB Code – DLB2526B0266**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (2 प्रतिशत या 0.25 प्रतिशत) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पालिका स्टोर शाखा में शिलालेख बनाकर सप्लाई करने का कार्य, लिखावट 20 एमएम के काले साउथ ग्रेनाइट पत्थर पर 2 एमएम से अधिक गुदाई से की जाकर स्थायी गोल्डन कलर सें लिखावट करने का कार्य | 4.90 | 9800/1225 | 500 | 1 वर्ष |

शर्ते :–
1. पंजीयन व पेनकार्ड एवं जीएसटी की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
2. कार्य की अवधि वार्षिक अनुबन्ध पर 1 वर्ष के लिए मान्य होगी।
3. सर्शत निविदाए मान्य नही होगी।
4. सभी निविदाओं की अन्य शर्तो की जानकारी कार्यालय समय में दोपहर 10.00 बजे से 01.00 बजे तक स्टोर शाखा से ली जा सकती है।
5. सवेंदक पालिका / पार्षदगणों के परिवार से ना होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. राज लोक उपापन की पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 की पालना करनी होगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकृत करने का अधिकार पालिका में निहित होगा।
8. जीस टेण्डरदाता की दरें स्वीकार होगी उसे नियम अनुसार अनुबन्ध करना होगा।
9. निर्धारित तिथि को अवकाश होने पर अगले दिन निविदा बैची एवं प्राप्त की जावेगी।
10. बिना हस्ताक्षरयुक्त निविदाऐं एवं कांट छांट व ऑवरराईटिंग की गई निविदाऐ स्वीकार नही की जायेगी।
11. सवेंदक द्वारा किये गये कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर जारी किया जावेगा।
12. कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की घटना दुघर्टना की समस्त जिम्मेदारी सवेदक की होगी।
13. GST एक्ट से सम्बन्धित समस्त प्रकार के दायित्वों को भुगतान संवेदक द्वारा स्वयं के स्तर से वहन किया जावेगा।
14. संवेदक का GST एक्ट 2017 अन्तर्गत पंजीयन अनिवार्य होगा। पंजीयन व पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

राज.संवाद / सी / 25 / 17891 — अध्यक्ष, नगरपालिका उनियारा — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका उनियारा

## कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांकः– न.पा.नि. / विकास / 2024–25 / 14432 — दिनांकः– 08.01.2026

**बोली सूचना**

सभी संवेदको / व्यवसायदाताओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा निम्न कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। जिनकी बोली दिनांक 20.01.2026 को 12:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 20.01.2026 को 2:00 बजे से 3:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर बोली इसी दिन सायंकाल 4:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त बोली वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है तथा न0पा0 कार्यालय में निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाकर जमा बोली जमा कराई जा सकती है अथवा उपरोक्त वर्णित निर्धारित तिथि व समय तक शुल्क नगर पालिका कोष में जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया व जमा कराया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (लाखों में) | अमानत राशि 2% | अमानत राशि ½% | टेण्डर शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Drain work kedar Baniwal house ke pass me shyam Parshad Mukhergi Nagar, NIWAI. **UBN No. :- DLB2526WSOB30196** | 4.83 | 966000 | 241500 | 200 | 1 Month |
| 2 | Toilet Repaire work in Subhas colony park , Newai. **UBN No. :- DLB2526WSOB30197** | 4.93 | 986000 | 246500 | 200 | 1 Month |
| 3 | Survey Work of Govt land,Road Level L&C Section,park etc in Nagar Palika area Ward no 01 to 40,Niwai. **UBN No. :- DLB2526WSOB30198** | 4.86 | 972000 | 243000 | 200 | 1 Month |
| 4 | Remaining C.C. road and soil filling work in Dadu vihar, Niwai. **UBN No. :- DLB2526WSOB30199** | 4.97 | 994000 | 248500 | 200 | 1 Month |
| 5 | Remaining Red sand stone and Chatri work in sheed Smark , Niwai. **UBN No. :- DLB2526WSOB30200** | 4.96 | 992000 | 248000 | 200 | 1 Month |
| 6 | supply and fixing insulated seet and electic work at choupati **UBN No. :- DLB2526WSOB30201** | 4.70 | 940000 | 235000 | 200 | 1 Month |

नोटः–
1. बिना कारण बताये बोली स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।
2. रजिस्ट्रेशन की प्रति, पेनकार्ड एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रति बोली आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी। सशर्त बोली मान्य नही होगी।
3. बोली डाक द्वारा मान्य नही होगी केवल बोली प्रपत्र में व बन्द लिफाफे में ही मान्य होगी।
4. संवेदक को दोनो कार्यो में फाऊन्टेन कार्य (समान कार्य की प्रकृति) का सन्तोषजनक कार्यानुभव / कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. बोली फार्म सील बन्द लिफाफे में पैक कर निर्माण शाखा प्रभारी श्री हरीश मीणा के कक्ष में सील बन्द बॉक्स में जमा करवाए जा सकते है एवं किसी भी जानकारी हेतु प्रभारी अधिकारी के मोबाईल नम्बर 9460952737 है।

राज.संवाद / सी / 25 / 17785 — अध्यक्ष, नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान से सावधान, आतंकवाद की कमर तोड़ना अभी शेष

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल में छिपे आतंकियों से मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान और आठ जवानों के घायल होने से फिर से यह रेखांकित हो रहा है कि इस राज्य में आतंकवाद की कमर तोडना अभी शेष है। निःसंदेह आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों की गतिविधियों में कुछ कमी आती अवश्य दिखी है, लेकिन तथ्य यह है कि वे पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। इसी के चलते सुरक्षा बलों से आतंकियों की मुठभेड़ होती रहती है।कश्मीर में आतंकवाद की कमर पूरी तरह न टूट पाने का बड़ा कारण पाकिस्तान है, जो न केवल आतंकियों की घुसपैठ कराता है, बल्कि मजहब की आड़ लेकर कश्मीरी युवाओं को बंदूक उठाने के लिए उकसाता है। समस्या यह है कि कश्मीर में अब भी आतंक के समर्थक मौजूद हैं। वे पाकिस्तान का काम आसान करते हैं और आतंकियों को सहयोग एवं संरक्षण देते हैं। यह स्वाभाविक ही है कि किश्तवाड़ के जंगलों में छिपे आतंकियों को स्थानीय तत्वों से मदद मिली होगी। हालांकि आतंकियों के ऐसे समर्थकों के खिलाफ रह-रह कर कार्रवाई होती रहती है, लेकिन उन पर और शिकंजा कसने की जरूरत है। यह काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और इसमें सफलता तब मिलेगी, जब आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों की निगरानी और गहनता से की जाएगी। इस काम में खुफिया एजेंसियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। परेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान इसे लेकर सतर्क हो गया है कि जम्मू-कश्मीर की आतंकी गतिविधियों के पीछे उसका हाथ न दिखे। इसके लिए वह कश्मीरी युवाओं को आतंकी बनाकर उन्हें आगे करने की रणनीति पर जोर दे रहा है। इस क्रम में वह अपने इलाकों में आतंकियों के प्रशिक्षण शिविर चला रहा है। कुछ ही दिनों पहले भारतीय सेना प्रमुख ने यह बताया था कि पाकिस्तान अपने यहां आतंकियों के आठ ट्रेनिंग कैंप चला रहा है। इनमें दो अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास चल रहे हैं और छह नियंत्रण रेखा के पास। उनके अनुसार इन कैंपों में सौ-डेढ़ सौ आतंकी प्रशिक्षण पा रहे होंगे। उचित यह होगा कि भारत इन आतंकी अड्डों के पते-ठिकाने उजागर कर पाकिस्तान को आगाह करे कि उसकी भारत विरोधी हरकतें उससे छिपी नहीं। भारत को पाकिस्तान से इसलिए सतर्क रहना होगा, क्योंकि आपरेशन सिंदूर के समय भारतीय सेना से बुरी तरह मात खाए पाकिस्तानी सेना प्रमुख भारत से बदला लेने की ताक में होंगे। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि वे जम्मू-कश्मीर में कुछ बड़ा करने की साजिश रच रहे होंगे। न केवल ऐसी किसी साजिश को विफल करना होगा, बल्कि पाकिस्तान के दुस्साहस का दमन भी करना होगा। इसमें सफलता पाने के लिए उसे यह संदेश नए सिरे से देना होगा कि उसे भारत को अस्थिर-अशांत करने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।




## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 20 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - जे. पी. नड्डा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए अध्यक्ष चुने गये। वे भाजपा के 11वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।
- आंध्र प्रदेश विधानसभा ने राज्य में तीन राजधानी बनाने के संबंधी बिल को मंजूरी दे दी। वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी सरकार ने कैबिनेट से मंजूरी के बाद यह बिल विधानसभा में पेश किया था। इस बिल के अनुसार, विशाखापट्टनम को कार्यकारी, अमरावती को विधायी और कुर्नूल को न्यायिक राजधानी बनाया जाएगा।
- बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को मेंटल हेल्थ के बारे में जागरूकता फैलाने और इसका नेतृत्व करने के लिए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ओर से 'क्रिस्टल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- ईआईयू द्वारा 2019 के लिए लोकतंत्र सूचकांक की वैश्विक सूची में भारत 10 स्थान फिसल कर 51वें स्थान पर आ गया।
- 2018 - भारत ने लगातार दूसरी बार नेत्रहीन क्रिकेट विश्व कप जीता।
- 2010 -गुरुदत्त की फ़िल्मों 'चौदहवीं का चाँद', 'कागज़ के फूल' और 'साहब बीवी और ग़ुलाम' आदि को फ़िल्माने वाले सिनेमेटोग्राफर वी के मूर्ति को वर्ष 2008 के प्रतिष्ठित दादासाहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया। 1969 में शुरू हुए 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' पहली बार किसी सिनेमेटोग्राफर को दिया गया।
- एशिया की सबसे बड़ी विमान सेवा जापान एयरलांइस ने खुद को दीवालिया घोषित किया।
- भारत में मोबाइल पोर्टेबिलिटी सेवाओं की शुरुआत हुई।
- 2009 - बराक ओबामा ने अमेरिका के 44 वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला।
- 2008 -बॉलीवुड अभिनेता देवानंद को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवाडर् प्रदान किया गया।
- पाकिस्तान के इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक निदेशक निसार ख़ान की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या की।
- 2007 - अफग़ानिस्तान में सीमान्त गांधी के नाम पर संग्रहालय स्थापित किया गया।
- 2006 - नासा ने प्लूटो के बारे में और जानकारी के लिए न्यूहोराइजन यान को प्रक्षेपित किया।

विशेष आलेख

# आत्मनिर्भर भारत की दौड़: किस गति से दौड़ रही है अर्थव्यवस्था?



डॉ नयन प्रकाश गांधी



पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने आम लोगों की जेब पर पडने वाले बोझ को कम करने के लिए महंगाई को नियंत्रण में रखना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खुदरा महंगाई आरबीआई के दायरे से नीचे रही और दिसंबर 2025 में 1.33 प्रतिशत के आसपास दर्ज की गई, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है। खाद्यान्न का बढ़ा हुआ उत्पादन, लक्षित सब्सिडी और मजबूत सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने रोज़मर्रा की ज़रूरतों की कीमतों के दबाव को काफी हद तक नरम किया। इसका सीधा लाभ शहरी झुग्गी बस्तियों, निम्न-मध्यम वर्ग और असंगठित मजदूरों को मिला, जिन पर महंगाई का असर सबसे पहले और सबसे ज्यादा पड़ता है। महंगाई प्रबंधन के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में तेज़ निवेश, डिजिटल भुगतान की बढ़ती रफ्तार और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने बाजार की प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाया। बिचौलियों की पकड़ कमजोर हुई, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत हुई और कई बार कीमतों में अचानक उछाल की संभावनाएं भी कम हुईं। विकास और स्थिरता का यही संयोजन नए भारत की आर्थिक दिशा को स्पष्ट करता है।

**दूध उत्पादन में नंबर-1 भारत**

नए भारत की उड़ान का सबसे मजबूत आधार ग्रामीण अर्थव्यवस्था है, जिसमें डेयरी क्षेत्र ने अभूतपूर्व ताकत दिखाई है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और वैश्विक उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अकेले हमारे किसान देते हैं। 2014-15 में करीब 146 मिलियन टन से शुरू हुई यह यात्रा 2024-25 में लगभग 248 मिलियन टन तक पहुंच गई है। ये आंकड़े बताते हैं कि गांव-गांव में फैले छोटे पशुपालकों की मेहनत को सरकार की नीतियों और योजनाओं ने सही दिशा दी है। दूध उत्पादन में वृद्धि के साथ गुणवत्ता और वैल्यू-एडिशन पर भी बराबर जोर है। शीत-श्रृंखला की मजबूती, दुग्ध सहकारी समितियों का विस्तार और डेयरी अवसंरचना में निवेश ने किसानों के लिए स्थायी बाज़ार तैयार किया। घी, पनीर, दही, आइसक्रीम और पैकेज्ड दूध जैसे उत्पादों की बढ़ती मांग ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शहरों से सीधे जोड़ दिया और पोषण सुरक्षा के नए रास्ते भी खोले।

**जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन की वैश्विक राजधानी**

मोदी युग की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक भारत की पहचान 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में और मजबूत होना है। आज विश्व भर में बेची जा रही जेनेरिक दवाओं के बाजार में भारत की हिस्सेदारी लगभग पांचवें हिस्से के बराबर मानी जा रही है। सस्ती और भरोसेमंद भारतीय दवाएं अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के करोड़ों मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही हैं। भारतीय दवा उद्योग उत्पादन के लिहाज से दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है और सैकड़ों संयंत्र अंतरराष्ट्रीय मानकों का कड़ाई से पालन करते हैं। वैक्सीन के क्षेत्र में भारत की भूमिका और भी अहम है। दुनिया में इस्तेमाल होने वाली कुल वैक्सीन का बड़ा हिस्सा भारतीय कंपनियां बनाती हैं और कई प्रमुख टीकों की वैश्विक मांग का अधिकांश भाग भी भारत से पूरा होता है। कोविड-19 महामारी के समय तैयार हुआ मजबूत उत्पादन ढांचा, शोध क्षमता और नियामकीय व्यवस्था अब भविष्य की किसी भी स्वास्थ्य आपदा से निपटने की गारंटी बन चुकी है। 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन आज अनेक देशों के टीकाकरण अभियान की रीढ़ बन चुके हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के साथ-साथ वैश्विक सहयोग की भारतीय सोच को भी सामने लाते हैं।

**कृषि और बागवानी में रिकॉर्ड, गांवों में नया आत्मविश्वास**

कृषि क्षेत्र में भी नया भारत नए कीर्तिमान रच रहा है। 2024-25 के तीसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3323 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। बेहतर सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण बीज, किफायती कर्ज, तकनीक और फसल बीमा जैसी पहलों ने खेतों की उत्पादकता को नई ऊंचाई दी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में नियमित बढ़ोतरी और खरीद व्यवस्था के सुदृढ़ होने से किसान की आय को भी सुरक्षा मिली है। बागवानी में भारत ने और भी तेज छलांग लगाई है। फल, सब्जी, मसाला और फूलों का संयुक्त उत्पादन 2024-25 में लगभग 369 मिलियन टन के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचा है। इससे पोषण विविधता के साथ-साथ प्रसंस्करण उद्योग, कोल्ड-स्टोरेज और लॉजिस्टिक नेटवर्क को नई ऊर्जा मिली है।

# क्या सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद ही विद्या के मंदिरों में शिक्षकों की कमी दूर होगी?



*शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश निस्संदेह छात्र हित में उठाया गया एक स्वागत योग्य कदम है, जिसकी देशभर के विद्यार्थी सराहना कर रहे हैं।*

हाल ही में देश की सर्वोच्च अदालत की दो सदस्यीय पीठ माननीय न्यायमूर्ति श्री जे.बी. पार्दीवाला एवं श्री महादेवन ने देशभर के शासकीय एवं निजी कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए राज्य सरकारों को चार माह के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश निस्संदेह छात्र हित में उठाया गया एक स्वागत योग्य कदम है, जिसकी देशभर के विद्यार्थी सराहना कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि शिक्षा और स्वास्थ्य, देश के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों में शामिल हैं। साथ ही यह भी सत्य है कि सामाजिक क्षेत्र की सेवाएँ होने के कारण केंद्र और राज्य सरकारों को इन दोनों क्षेत्रों पर अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा प्रतिवर्ष खर्च करना पड़ता है, जबकि प्रत्यक्ष आर्थिक आय बहुत कम या नगण्य होती है। इसके बावजूद यदि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार कमी दिखाई दे रही है, तो यह सरकारों और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंतन का विषय होना चाहिए। शिक्षकों की कमी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार ने एक बार फिर देश की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है। आज समस्या केवल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी स्कूलों की हालत और भी चिंताजनक है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात आज भी अधिकांश स्कूलों में पूरा नहीं हो पा रहा है। देशभर में अनेक स्कूल शिक्षक विहीन या एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, वहीं कई विद्यालय अतिथि शिक्षकों (गेस्ट फैकल्टी) के सहारे चल रहे हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यदि गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था न होती, तो हालात और भी दयनीय होते। यही स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं में भी देखने को मिलती है, जहाँ चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के अनेक पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। अब प्रश्न यही है क्या सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद ही शिक्षकों की कमी दूर होगी, या फिर सरकारें आर्थिक तंगी का हवाला देकर समय मांगती रहेंगी? राज्य सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भर्तियाँ तो करती हैं, किंतु ये भर्तियाँ आवश्यकता के अनुपात में अपर्याप्त रहती हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण आर्थिक सीमाएँ हैं। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त योजनाओं पर खर्च हो रहा है, जिनका लाभ कई बार आर्थिक रूप से सक्षम लोग भी उठा रहे हैं। यदि मुफ्त योजनाओं का लाभ वास्तव में केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सीमित किया जाए और महंगाई के अनुरूप सीधी आर्थिक सहायता दी जाए, तो जरूरतमंदों की वास्तविक सहायता संभव हो सकती है। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं की राशि में भी महंगाई के अनुरूप वृद्धि आवश्यक है और इसका लाभ 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी महिला-पुरुषों को मिलना चाहिए। आधुनिक समय में एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण कई बुजुर्ग अपने ही बच्चों द्वारा उपेक्षित होकर असहाय स्थिति में जीवन जीने को मजबूर हैं।

## लघु कथा
बढ़ता राजस्थान

### जाति



कारख़ाना खुला। कर्मचारियों के लिए बस्ती बन गई। ठाकुरपुरा से ठाकुर साहब और ब्राह्मणपुरा से पंडितजी कारखाने में नौकरी करने लगे और पास-पास के ब्लॉक में रहने लगे। ठाकुर साहब का लडक़ा और पंडितजी की लडक़ी दोनों जवान थे। उनमें पहचान हुई और पहचान इतनी बढ़ी कि दोनों ने शादी करने का निश्चय किया। जब प्रस्ताव आया तो पंडितजी ने कहा ऐसा कभी हो सकता है भला? ब्राह्मण की लडक़ी ठाकुर से शादी करे! जाति चली जाएगी। ठाकुर साहब ने भी कहा कि ऐसा नहीं हो सकता। पर-जाति में शादी करने से हमारी जाति चली जाएगी। किसी ने उन्हें समझाया कि लडक़ा-लडक़ी बड़े हैं। पढ़े-लिखे हैं। समझदार हैं। उन्हें शादी कर लेने दो। अगर शादी नहीं की तो भी वे चोरी छिपे मिलेंगे और तब जो उनका संबंध होगा वह व्यभिचार कहलाएगा। इस पर ठाकुर साहब और पंडितजी एक स्वर में बोले-होने दो। व्यभिचार से जाति नहीं जाती है; शादी से जाती है।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# ठंड में भी बाल रहेंगे रेशमी और शाइनी बस कर लें ये 1 काम

सर्दियां शुरू होते ही चेहरे से लेकर बालों तक का नैचुरल ग्लो गायब होने लगता है। खासकर बालों में रूखापन, फ्रिजी, टूटना और शाइन खत्म होना आम बात है। ठंडी हवा, कम पानी पीना, गर्म पानी से सिर धोना और ड्रायर-हीट टूल्स का इस्तेमाल बालों की नमी सोख लेते हैं। यही वजह है कि सर्दियों में बाल बेजान और कमजोर दिखते हैं, भले ही हम कितनी भी महंगी कंडीशनिंग या सैलून ट्रीटमेंट क्यों न कर लें। लेकिन अच्छी बात यह है कि प्रकृति के पास हर समस्या का हल है। दही में मौजूद प्रोटीन, विटामिन बी5 और लैक्टिक एसिड सिर की जड़ों को डीप कंडीशन करते हैं और बालों की टूटने वाली जड़ों को मजबूत बनाते हैं। वहीं केले में पाया जाने वाला पोटैशियम, सिलिका और नेचुरल ऑयल्स ड्राईनेस, फ्रिजीनेस और डलनेस को दूर करते हैं। जब ये दोनों मिलते हैं, तो बालों की मरम्मत तेजी से होती है और स्ट्रेटनिंग जैसी नैचुरल स्मूदनेस मिलती है वो भी घर पर, बिना किसी खर्च के।

**दही और केला हेयर मास्क कैसे बनाएं?**

1 पका हुआ केला

1 चम्मच शहद (ऑप्शनल - ज्यादा शाइन के लिए) 1 चम्मच ऑलिव ऑयल / नारियल तेल (बहुत ड्राई बालों के लिए)

**मास्क बनाने की विधि :** केले को अच्छे से मैश कर लें ताकि कोई लम्प ना रहे। इसमें दही, शहद और तेल मिलाकर क्रीमी पेस्ट बना लें। मिश्रण इतना स्मूथ होना चाहिए कि बालों में आसानी से लग सके।

**विंटर हेयर केयर रूटीन :** सप्ताह में 2-3 बार तेल की हल्की मालिश करें। गरम पानी से बाल न धोएं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए भी दिन बेहतर रहेगा। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य बनाए रखें। किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी जल्दबाजी के कारण आप कोई जोखिम भरे काम में हाथ डाल सकते हैं। किसी नए वाहन की खरीदारी की आप योजना बनाएंगे।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपको धन से संबंधित कोई चिंता हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके कुछ काम पूरा होने में समस्या हो सकती हैं। आपको अपनी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से मन परेशान रहेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी अपने आसपास रह रहे लोगों से अच्छी जान पहचान रहेगी, लेकिन इसमें आपके कुछ शत्रु भी हो सकते हैं। आपने यदि किसी से धन उधार लेने का सोचा है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने रुके हुए कामों को भी समय से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी और जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जाने की योजना बना सकते हैं।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा, जिस कारण आप व्यस्त रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपने परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उनके कामों से उन्हें एक नई पहचान मिलेगी। आपके जीवनसाथी किसी नई नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए उनके कामों में कुछ रुकावटें लेकर आएगा, इसलिए आपको अपने निर्णय थोड़े सोच समझकर लेने होंगे। आप किसी दिखावे के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इसमें आपका बेफिजूल का धन ही खर्च होगा।

## वाल्मीकि समाज ने देवधाम जोधपुरिया में किया श्रमदान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** देवधाम जोधपुरिया में स्थित श्री देवनारायण मंदिर परिसर में वाल्मीकि समाज द्वारा सफाई अभियान को लेकर श्रमदान किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने मंदिर में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों व श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए साफ-सफाई की। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में आयोजित सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री रतनदीप गुर्जर, भाजपा नटवाडा मंडल महामंत्री आशाराम डोई बस्सी, विनोद चांवरिया, रामबाबू नकवाल, आशाराम बगड़ी व कमल पोसवाल बस्सी सहित कई कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद थे।

## सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लेंवे लाभ- इसरानी

### 80 लाभार्थियों को 50-50 हजार के दिए चैक



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजनान्तर्गत 80 लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 50 हजार रूपए के चैक वितरित किए गए। जिससे लाभार्थियों में खुशी की लहर दौड गई। पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेंवे। उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा शहर में करोड़ों रूपए के विकास कार्य हुए है। जिनका प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने शहर में हुए विकास कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षो में नगरपालिका क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए हजारों लोगों को मालिकाना हक मिला है। उन्होंने बतायाकि पटटा वितरण में नगरपालिका निवाई प्रथम स्थान पर रही है। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि प्रधान मंत्री आवास योजना 80 लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 50 हजार रूपए के चैक दिए गए है।उन्होंने बताया कि कुल 40 लाख रूपये के चैक वितरित किए है। इस अवसर पर सहायक अभियंता पप्पूलाल मीणा, पार्षद इमरान कुरैशी, नरेगा अभियंता निशांक जैन, पीएमएवाई सीएलटीसी कोमल सैनी व राहुल सैन सहित कई कर्मचारी व लाभार्थी मौजूद थे।

## दामोदर गौशाला में मौनी अमावस्या पर हुआ हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री दामोदर गौशाला में मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर हरिनाम संकीर्तन का तथा गौ सवामणी का आयोजन किया गया। सत्संग मंडल के अध्यक्ष बद्रीनारायण पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर, बहड़, डांगरथल, लालसोट, सिरस, पलेई व निवाई के सत्संगियों ने 3 घंटे तक भक्ति मय होकर हरि नाम संकीर्तन किया। सर्व प्रथम गौशाला अध्यक्ष प्रेमचंद बोहरा के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने गौ माता तथा स्वामी श्री कृष्णानंद महाराज का पूजन किया एवं गौ माता को गौ सवामणी का प्रसाद खिलाया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्संग मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भानु शर्मा, बृजमोहन खंडेलवाल, शिवरतन दरगड़, राजेंद्र टोडवाल, कैलाशचंद अग्रवाल, रामू अग्रवाल, रामबाबू भांची, ओमप्रकाश विजय, नाथूलाल शर्मा, हनुमान प्रसाद पारीक, हनुमान प्रसाद शर्मा, चंद्रप्रकाश खंडेलवाल व रामावतार दाधीच सहित कई सत्संगी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में 2 बहनों के इकलौते भाई की मौतःफरवरी में होनी थी शादी, ड्यूटी पर जा रहा था; हाईवे किनारे मिली युवक की बॉडी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक में सोमवार को सडक़ हादसे में दो बहनों के इकलौते भाई की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में युवक सिर के बल गिरा, जिससे उसके सिर पर गहरी चोट लगी। राहगीरों ने गंभीर घायल युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं जिले के सदर थाना क्षेत्र से गुजर रहे जयपुर-कोटा हाईवे 52 किनारे पर एक पेट्रोल पंप के पास आज व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शिनाख्त के लिए बॉडी को मॉर्च्युरी में रखवाया है। मेहंदवास थाना पुलिस के अनुसार- मेहंदवास निवासी सोनू विजयवर्गीय (32) पुत्र स्व. भगवान विजय रोजाना की तरह सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपने गांव मेहंदवास से बाइक पर पुराना बस स्टैंड के समीप एलआईसी कार्यालय के सामने एक निजी कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहा था।इस दौरान मेहंदवास के समीप ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सोनू की बाइक को टक्कर मार दी। इससे सोनू सिर के बल गिरा और गंभीर घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से सआदत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने कुछ देर बाद ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों के अनुसार- मृतक सोनू की फरवरी में ही शादी होनी थी। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी थी। मृतक के पिता का देहांत हो चुका है और वह दो बहनों में अकेला भाई था। पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए वह अपनी शादी की तैयारियां खुद ही कर रहा था। फिलहाल पुलिस ने दोनों ही मामलों में जांच शुरू कर दी है। सोनू की बॉडी पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दी गई। जबकि अज्ञात युवक के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल का राजीविका की दीदियों से संवाद

### 'दीदीज़ विद डीएम" कार्यक्रम में उभरीं आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियाँ

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** टोंक जिले में सोमवार को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली, जब जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ''दीदीज़ विद डीएम'' कार्यक्रम के अंतर्गत राजीविका विभाग द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से सीधे बातचीत कर उनके संघर्ष, परिश्रम और सफलता की कहानियों को नजदीक से जाना। संवाद के दौरान पिंकी शर्मा, शबनम बानो, लतिफुनिशा एवं पूजा सैनी ने राजीविका से जुडक़र अपनी आजीविका को सशक्त बनाने के अनुभव साझा किए। दीदीयों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने सीमित संसाधनों और साधारण शुरुआत से आगे बढ़ते हुए आज स्वयं को सफल महिला उद्यमियों के रूप में स्थापित किया है। दीदीयों द्वारा साझा की गई उपलब्धियों ने यह सिद्ध कर दिया कि महिलाएँ अवसर मिलने पर आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी सशक्त वाहक बन सकती हैं।

इस अवसर पर पिंकी शर्मा की सफलता कहानी विशेष रूप से प्रेरणादायी रही। वर्ष 2016 में एक साधारण गृहिणी के रूप में अपने सफर की शुरुआत करने वाली पिंकी शर्मा ने राजीविका से मिले प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर आज मसाला उत्पाद निर्माण, बाजरे से बने पौष्टिक बिस्किटों के उत्पादन के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र, गुलाबी नगरी जयपुर में 'दीदी की कैंटीन' का सफल संचालन कर रही हैं। उनकी इकाइयाँ न केवल स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को रोजग़ार से जोडक़र महिला उद्यमिता की सशक्त मिसाल भी बन चुकी हैं। वहीं लतिफुनिशा एवं पूजा सैनी द्वारा तैयार किए जा रहे आर्गेनिक एवं हर्बल साबुन पर्यावरण-अनुकूल, रसायन-मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक होने के कारण बाज़ार में विशेष पहचान बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त शबनम बानो द्वारा निर्मित शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण मसाला उत्पाद स्थानीय बाज़ार के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ''दीदीज़ विद डीएम'' कार्यक्रम के तहत दीदीयों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजीविका से जुड़ी दीदीयाँ आज आत्मविश्वास, कौशल और परिश्रम के बल पर सफल उद्यमी बन रही हैं। पिंकी शर्मा, शबनम बानो, लतिफुनिशा और पूजा सैनी जैसी महिलाएँ यह प्रमाण हैं कि सरकार की योजनाएँ ज़मीनी स्तर पर वास्तविक और स्थायी बदलाव ला रही हैं। उन्होंने दीदीयों को उत्पाद गुणवत्ता, ब्रांडिंग, विपणन, नवाचार एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुडऩे के लिए प्रेरित किया तथा आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा है। संवाद कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं राजीविका डीपीएम ललित कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला कलेक्टर ने सफल स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'दीदीज़ विथ डीएम' कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक सशक्त और प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है।

## पशु विज्ञान केंद्र, अविकानगर टोंक द्वारा पशुओं में टीकाकरण की महत्ता विषय पर ग्राम भवानीपुरा में विचार गोष्ठी का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, रूवास, जयपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय के अन्तर्गत संचालित पशु विज्ञान केन्द्र, टोंक द्वारा दिनांक 19.01.2026 को पशुओं में टीकाकरण की महत्ता विषय पर डॉ. सुनील राजोरिया, प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन भवानीपुरा गांव मे किया। इसमें पशुपालकों को पशुओं में होने वाले संक्रामक रोगों जैसे एफएमडी,एचएस,बी क्यू के बारे में समझाते हुए इनसे होने वाले आर्थिक नुकसान के बारे में बताने के साथ-साथ समयबद्ध टीकाकरण की महत्ता को रेखांकित किया। पशुओ में एफएमडी,एचएस,बी क्यू आदि बिमारियों से बचाव के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क टीकाकरण योजना को भी समझाया जिसमे पशुपालको के घर पर निशुल्क टीकाकरण की सुविधा पशुपालन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। गोष्ठी के अंत में उन्होंने बताया की टीकाकरण ना केवल संक्रामक बीमारियों से बचाव करता है, अपितु आने वाले रोगों की रोकथाम भी करता है। पशुओं के रोगों से ग्रसित होने पर ना केवल उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है बल्कि दुग्ध उत्पादन क्षमता भी प्रभावित होती है, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है की अपने पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाने के लिए टीकाकरण करवाया जाना चाहिए। इस विचार गोष्ठी का आयोजन श्री गजेन्द्र वर्मा, पशुधन निरीक्षक, पशु विज्ञान केंद्र, टोंक ने किया जिसमे कुल 20 पशुपालक उपस्थित रहे और पशुओं में टीकाकरण की महत्ता विषय आयोजित विचार गोष्ठी का लाभ उठाया।

## अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा कार्यकारिणी अलीगढ़, दूनी, देवली व नगरफोर्ट का शपथ ग्रहण समारोह मांडकला के श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित हुआ। तहसील प्रवक्ता प्रेमप्रकाश खंडवा ने बताया कि समारोह में पूर्व तहसील अध्यक्ष लल्लू लाल सेदरिया, तहसील अध्यक्ष निवाई कन्हैयालाल सिरस, राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम सेदरिया, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा, महामंत्री शशिकांत मोहम्मद गढ़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वर जेतपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद चैनपुरा, जिला उपाध्यक्ष हनुमान बरथल, मंदिर अध्यक्ष रमेश मित्रपुरा, पूर्व मंदिर अध्यक्ष सुरेश खारी कुंई, पूर्व तहसील अध्यक्ष नारायण भुरटिया, कर्मचारी संघ सचिव लल्लूराम पहाड़ी, तहसील उपाध्यक्ष शिवदयाल खंडवा, दिनेश कुंडा, पूर्व सहायक प्रबंधक कजोड़मल सिरोही, सत्यनारायण नला, मंत्री हेमराज झिलाय व शंभू जुवाड़ सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## पीएमश्री राहोली के शैक्षणिक विकास कार्य सराहनीय-विधायक रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में वार्षिक उत्सव, वार्षिक खेल उत्सव व स्वर्गीय कल्याणमल अटल स्मृति हॉल मय बरामदे, पीएमश्री मद के विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक विकास कार्य सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करते हुए विद्यालय का गौरव बढा रहे है। उन्होंने विद्यालय के भामाशाह अटल बन्धुओं की भी प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि कार्यक्रम में सैंकड़ों प्रतिभाओं के साथ भामाशाह मुकेश कुमार अटल, शंकरलाल अटल व राकेशकुमार अटल को पितृ स्मृति में स्थानीय विद्यालय में हॉल मय बरामदा निर्माण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय रैगर महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल, जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल अटल, पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, प्रशासक फूला देवी, पूर्व सरपंच कमलेश चावला, राकेश मीना हनौतिया, पांचूलाल बैरवा, चतरपाल सिंह राजावत, प्रकाश जैन, संदीप सिंह राजावत, बाबूलाल खमौखरिया, बबलेश वर्मा, ताराचंद मण्डावलिया, नारायण माछलपुरिया, मदनलाल नोगिया, रूपनारायण खोलिया सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## 20 लाख अवैध मादक पदार्थ के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिला स्पेशल टीम द्वारा नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह व मेहन्दवास थाना क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर कार्यवाही करते हुए करीबन 20 लाख रूपये बाजार की कीमत के अवैध मादक पदार्थ दो किलो अफीम, 53.150 किलो डोडा पोस्त, 1.5 किलो गांजा व 11 हजार 40 रूपये खरीद फरोख्त के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बोलरो गाड़ी व एक मोटर साईकिल को जप्त किया है। जिला स्पेशल टीम के ओम प्रकाश ने बताया कि गठित टीम द्वारा दोनों जगहों पर जिला स्पेशल टीम टीम द्वारा छापेमारी की जाकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, अफीम, डोडा पोस्त, गांजा बरामद किया जाकर दो अलग-अलग प्रकरण एक लाम्बाहरिसिंह व एक मेहन्दवास टोंक में एनडीपीएस की धाराओं में दर्ज किया गया है तथा दो पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह के महादवे पुरा गांव में आरोपी रामलाल जाट पुत्र बन्नालाल जाट (47) साल निवासी महादेवपुरा एवं पुलिस थाना मेहन्दवास क्षैत्र के गांव बावड़ी में आरोपी मुकेश पुत्र नरसी मीणा (40) निवासी बावड़ी को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही वारदात में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी व एक मोटरसाईकिल, अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त में इस्तेमाल होने वाले दो इलेक्ट्रोनिक कांटे व 11 हजार 40 रूपये बरामद किये।

## वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाडियों ने दिखाया दमखम

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ में संचालित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में सातवें दिन शकुंतलम मैदान में आयोजित पहले मैच में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल एवं जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी जोधपुर के मध्य खेला गया। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 121 रन बनाए। रिशिता ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाए व नीतू ने 30 रन का योगदान दिया। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में आठ विकेट पर 75 रन ही बना सकी। बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल 46 रन से अपने बेहतर प्रदर्शन से यह मैच अपने नाम कर लिया। विद्यापीठ के कोच उर्वेश शर्मा व प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में दोपहर बाद खेले गए दूसरे मैच में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी विजय रही। टीम ने शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर को 58 रनों से हराकर विजय प्राप्त की। बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट पर 123 रन बनाएं। बेहतरीन बल्लेबाजी व सटीक बल्लेबाजी के दम पर बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी ने इस मैच में जीत हासिल की। लक्ष्मीबाई मैदान पर दो मैच खेले गए पहला मैच सावित्रीबाई फूले यूनिवर्सिटी पुणे व शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर के मध्य खेला गया। सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर के नुकसान पर 148 रन बनाकर शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर को दिया। इस तरह 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोल्हापुर यूनिवर्सिटी 34 रन बनाकर 11.8 ओवर में ही ऑल आउट हो गई। सावित्रीबाई फूले यूनिवर्सिटी पुणे 114 रन से विजयी रही। इसी प्रकार सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी पुणे व जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के मध्य खेला गया। जिसमें सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने 5 विकेट खोकर 131 रन बनाए।

**60 लोगों के खाद्य अनुज्ञा लाईसेंस किए जारी**

# खाद्य अनुज्ञा शिविर में खाद्य व फुटकर व्यापारियों ने बढ-चढकर लिया भाग

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्व आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार के लिए झिलाय में लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 69 थोक व फुटकर व्यापारियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 59 व्यापारियों को लाईसेंस दिए गए। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर व चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विक्रम सिंह ने लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन वितरित किए। साथ ही शिविर में मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान लाईसेंस पंजीकरण के साथ-साथ मोबाईल फूड टैस्टिंग लैब वाहन द्वारा आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थो के संदर्भ में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि लाईसेंस के लिए 10 व्यापारियों ने आवेदन किए एवं रजिस्ट्रेशन के लिए 61 छोटे फुटकर व्यापारियों ने आवेदन किए, जिसमे से मौके पर 1 लाईसेन्स व 59 रजिस्ट्रेशन जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि बिना खाद्य लाईसेंस के व्यवसाय करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामिणी क्षेत्र के समस्त खाद्य पदार्थ कारोबार से जुडे विक्रेताओं, निर्माताओं, थोक, फुटकर, फेरीवाले, केटरिंग, ट्रांसपोर्ट, फूड प्रोडक्शन विक्रय करने, मेडिकल स्टोर्स, स्वयं सहायता, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों में संचालित केंटीन, राजकीय व निजी वेयर हाउस, मदिरा दुकानें, दूध विक्रेता, डेयरी, चायपान, दुकान, मण्डी व्यापारी फल, सब्जी, मांस- अंडे विक्रेता, हाट बाजार में खाद्य कारोबार करने वालों का आह्वान करते हुए कहा है कि जिन व्यापारियों ने अभी तक भी लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन नही बनाए है, वह शीघ्र शिविर में या ईमित्र द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिए आवेदन करे। अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। शिविर में खाद्य किराणा व्यापार मण्डल अध्यक्ष कमलेष कुमार मित्तल, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम से राजेन्द्र सैनी, अविनाश साहू, दिनेश जैन, विपिन जैन व रामेश्वर प्रसाद सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** बालकों में उत्तम जीवन मूल्यों के निर्माण करने एवं उनमें सांस्कृतिक और राष्ट्रप्रेम के गुण विकास हेतु विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अखिल



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केदारनाथ धामाणी आदर्श विद्या मंदिर राजगढ़ के माध्यम से राजगढ़ और रैणी ब्लॉक के राजकीय और निजी विद्यालयों में आयोजित करवाई गई। जिसमें 71 विद्यालयों के 1535 छात्र-छात्राओं तथा 50 अभिभावक और अध्यापकों ने भाग लिया। इस परीक्षा में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की है। केदारनाथ धामाणी आदर्श विद्या मंदिर राजगढ़ के प्रधानाचार्य तथा परीक्षा संयोजक बाबूलाल शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण कर सभी को कुरुक्षेत्र कार्यालय द्वारा बोधमाला पुस्तक उपलब्ध करवाई गई। इस कार्य में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़ और रैणी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। परीक्षा को कुशलतापूर्वक संपन्न करवाने पर आदर्श शिक्षा समिति अलवर के जिला सचिव सतीश चंद्र शर्मा द्वारा राजकीय और निजी विद्यालयों के संस्था प्रधान सहित सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया गया। इस परीक्षा का परिणाम आने के पश्चात इन बालकों को कुरुक्षेत्र द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के बैनर तले माली, सैनी, कुशवाह, मौर्य, सुमन आदि समाज की आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया कि माली, सैनी, कुशवाह, मौर्य, सुमन आदि समाज 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विगत कई वर्षों से आंदोलन कर रहा है। लेकिन सरकार ने अभी तक समाज की मांगों को स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार 25 फरवरी तक उनकी मांगों को मान लें अन्यथा 25 फरवरी को विधानसभा का घेराव कर पूरे राज्य में जन आंदोलन चलाया जाएगा। सैनी समाज के एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बताया कि समाज की विभिन्न मांगों में 12 प्रतिशत आरक्षण, सरकार द्वारा गठित महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड को देवनारायण बोर्ड के तर्ज पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार, महान संत लिखमीदास महाराज की जन्मस्थली को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करना, भारतीय सेना में सैनी रेजिमेंट का गठन, आंदोलन के दौरान सरकार द्वारा दर्ज मुकदमे वापस लेने, एससी एसटी अधिनियम की तर्ज पर विशेष कानून बनाने, महात्मा फुले दम्पति का संग्रहालय का निर्माण , बागवानी विकास बोर्ड बनाने, समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए महात्मा फुले फाउंडेशन का निर्माण करने, सरकार द्वारा विकसित की जा रही फल व अनाज मंडी में समाज को प्राथमिकता के आधार पर दुकान आवंटन करने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जिला रसद कार्यालय में अव्यवस्थाओं का आलम, घंटों कतार में खड़े रहे लोग

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला रसद कार्यालय में सोमवार को अव्यवस्थाओं का नजारा देखने को मिला। राशन कार्ड से जुड़े



कार्यों के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग कार्यालय पहुंचे, लेकिन घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद भी अधिकांश लोगों का काम नहीं हो पाया।राशन कार्ड में नाम जोडने-हटाने, संशोधन व अन्य जरूरी कार्यों के लिए आए नागरिकों को लंबी लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि टोकन तो दिए जा रहे हैं, लेकिन फाइलों का निस्तारण नहीं किया जा रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।कतार में लगे लोगों ने बताया कि वे कई बार कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगती है। गर्मी और अव्यवस्था के बीच घंटों इंतजार करना मजबूरी बन गया है।आमजन ने प्रशासन से रसद कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार करने, कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने तथा जल्द समाधान की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमगंला एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में मंगलवार 20 जनवरी को स्थानीय नगर परिषद कार्यालय परिसर में फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि शिविरो में खाद्य व्यापारियों के फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाये जायेगें। इसमें किराणा, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्ट्रोरेन्ट, कैटरिंग, फास्ट फूड, चाट, फल, सब्जी, स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओ के आवेदन ऑनलाईन कर मौके पर ही लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन जारी किये जायेगे। शिविर का आयोजन प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक किया जायेगा। शिविरो के दौरान एमएफटीएल (मोबाईल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स) के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थो की शुद्धता, गुणवता एवं मिलावट के संबंध में जागरूक किया जायेगा।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का नाथद्वारा दौरा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा सोमवार को युवा संवाद



कार्यक्रम के तहत नाथद्वारा पहुँचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। गोरा ने अपने दौरे की शुरुआत श्रीनाथजी मंदिर में राजभोग झांकी के दर्शन से की।दर्शन के पश्चात नगर व जिला भाजपा की ओर से स्थानीय न्यू कॉटेज में ढोल-नगाड़ों, पुष्प मालाओं एवं परंपरागत समाधान पद्धति से उनका भव्य स्वागत किया गया। नाथद्वारा के बाजारों में भी युवाओं व कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी से रौनक बनी रही।

# एसआईआर का काम सम्पूर्ण होने के बाद तारीख क्यों बढ़ाई गईः शकुंतला रावत

- पर्दे के पीछे भाजपा का बहुत बड़ा स्कैम है- सैनी
- फार्म संख्या 6,7और 8की प्रक्रिया एकदम पारदर्शी-हरित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** एसआईआर प्रक्रिया में तारीख बढ़ाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा उपखण्ड कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने किया। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसजनों द्वारा पैदल मार्च कर उपखण्ड अधिकारी को एसआईआर को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि जब सम्पूर्ण एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तो तारीख बढाकर फॉर्म संख्या-7 क्यों सम्मिट कर मतदाताओं के नाम हटाए गए जिनकी संख्या हजारों में है। जिन मतदाताओं का नाम निर्वाचन नामावली से काटा गया है उनका नाम तो है पर पिता के नाम सहित अन्य विवरण क्यों नहीं दिया गया। कैसे पता चलेगा कि अमुक मतदाता का नाम काटा गया है। यह प्रक्रिया लोकतंत्र में द्वेषता पूर्ण है या कोई अन्य कारण! इसके लिए पूर्व मंत्री रावत ने सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता रोशनलाल सैनी ने कहा कि पर्दे के पीछे भाजपा का यह बहुत बड़ा खेल है! उन्होंने कहा कि जब भाजपा लोकतंत्र को ख़त्म ही करना चाहती है तो भाजपाई अपने आपको सभी पदों पर निर्वाचित मानलें क्योंकि जिस तरह से तारीख बढाकर नाम काटे जा रहे हैं यह लोकतंत्र के लिए आघात है। सैनी ने कहा कि जो हमारा अधिकार था मतदान करने का उस पर भी डाका डाल दिया गया है। वहीं उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने कहा कि फॉर्म संख्या-6, 7 और 8 की प्रक्रिया की गईं है वह पारदर्शिता पूर्ण की गईं है। जो कांग्रेसजनों द्वारा हमसे मांग रखी गईं है वह उनको उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस मौके पर बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर,नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र रैगर,समाजसेवी ठेकेदार सीताराम गुर्जर,मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी,नगर पालिका के पूर्व मनोनीत पार्षद डॉ नरेश सैन,भूपसिंह सुरेला,गोरधन सैनी,कुलदीप सैनी, राजेश सैनी, भूपसिंह बागड़ी,कृषि उपजमण्डी के पूर्व चेयरमैन माड़ाराम गुर्जर,अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट शशिकुमार नाहरवाल,नरेश गोलिया,सुरेश मीणा,रणवीर यादव,प्रदीप यादव,बाबूलाल यादव,अजीत यादव,धर्मपाल जाट,पूर्व सरपंच बंशीराम गोलिया,धर्मवीर रावत,रामावतार मीणा, महेन्द्र ढाकला, यादराम रावत,मामचंद रावत,रजनीश पुरोहित,बाबरिया सरपंच प्रतिनिधि व युवा कांग्रेस नेता महेश रावत,पंचायत समिति सदस्य हरिराम धाकड़,हवासिंह गुर्जर,रणजीत कसाना,पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत शाखा प्रबंधक रामावतार मीणा,यादराम रावत, सुबेसिंह अवाना, देशराज गिराठी,रणवीर डोई,हवासिंह, महेन्द्र सैनी,बबलू सैनी,अभिषेक मीणा,लोकेश,चीनू टेलर सहित काफ़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा नवाचार राजीविका सीएलएफ को मिले दो ट्रैक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा नवाचार करते हुए स्वयं सहायता समूहों को दो ट्रैक्टर मिलें। राजगढ़ ब्लॉक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कस्टम हायरिंग सेंटर, ब्लॉक राजीविका के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को दो ट्रैक्टर प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डेयरी चेयरमैन नीति सागवान विशिष्ट अतिथि रहे। भारत माता सीएलएफ एवं नवज्योति सीएलएफ को पूजा-अर्चना के पश्चात ट्रैक्टर सौंपे गए। इस पहल से ब्लॉक की भारत माता एवं नवज्योति सीएलएफ से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए कृषि कार्य और आजीविका के साधन अधिक सुगम हो गए हैं, जिससे महिला सशक्तिकरण को एक नया आयाम मिला है। ब्लॉक इंचार्ज हिमांशु ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ़ ब्लॉक में वर्तमान में 1280 स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं, जिनसे लगभग 13,020 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन ट्रैक्टरों के माध्यम से समूहों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा और महिलाओं की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीणा ने कहा कि राजगढ़ ब्लॉक की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन एवं समूह आधारित कार्यों के लाभों पर प्रकाश डालते हुए केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में भजनलाल मीणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि राजीविका जैसी योजनाएं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक पीएमआईएस विनीत वशिष्ठ, एफपीओ सीईओ ताराचंद सैनी, भारत माता सीएलएफ मैनेजर सुधा शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति, नवज्योति सीएलएफ मैनेजर सुमन मीणा, कोषाध्यक्ष सरोज, दोनों सीएलएफ की कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### प्रधानमंत्री जी की अपील और आई एम ए का संकल्प

## राजस्थान के चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री की अपील पर ऐण्टीबायोटिक रेजीसटेंस पर जन जागरण करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजमेडिकोन 2026 के ओर्गानिजिंग़ चेयर पर्सनल डॉ रूप सिंह ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आई एम ए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) ने संकल्प लिया है कि वह ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

**आई एम ए का संकल्प**

1. जागरूकता फैलाना- आई एम ए के सदस्य डॉक्टर अपने मरीजों और समुदाय में ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाएंगे।
2. उचित उपयोग-डॉक्टर ऐंटीबायोटिक दवाओं का उचित उपयोग सुनिश्चित करेंगे और अनावश्यक प्रिस्क्रिप्शन से बचेंगे।
3. शिक्षा और प्रशिक्षण- आई एम ए अपने सदस्यों के लिए ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस पर शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।
4. सामुदायिक भागीदारी- आई एम ए सामुदायिक स्तर पर ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के खिलाफ लड़ाई में भागीदार बनेगा।

आई एम ए सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता से आह्वान करता है कि वे ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के खिलाफ इस लड़ाई में साथ आएं और अपने स्तर पर योगदान दें। साथ मिलकर हम ऐंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के खतरे को कम कर सकते हैं और भविष्य में इसके गंभीर परिणामों से बच सकते हैं ।

## राज्य स्तरीय निरीक्षण दल का कोटपूतली-बहरोड़ में औचक निरीक्षण

### 232 अधिकारी-कर्मचारी मिले अनुपस्थित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देश पर सोमवार को राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने जिला मुख्यालय कोटपूतली-बहरोड़ स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने सुबह 9:40 बजे विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में महेन्द्र कुमार सरावता (अनुभागाधिकारी), तरुण मीणा, सुरेन्द्र सिंह नौहवार, कृष्णावतार कटारिया तथा लिपिक ग्रेड-द्वितीय शामिल रहे।निरीक्षण के दौरान कुल 38 उपस्थिति रजिस्टर जब्त किए गए। जांच में पाया गया कि कुल 38 राजपत्रित अधिकारियों में से 27 अधिकारी तथा 336 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 205 कर्मचारी अनुपस्थित थे।अतिरिक्त निदेशक सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अनुपस्थित पाए गए अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत महिला स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित

## श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे की सीएसआर पहल, 300 छात्राओं ने लिया लाभ

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सडक़ सुरक्षा माह के अवसर पर श्रीनाथजी उदयपुर टोलवेज प्रा. लि. द्वारा अपनी सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत एनजीओ मेकिंग द डिफरेंस के सहयोग से महिला स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट हेड जयनंदन मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पीएम महात्मा गांधी विद्यालय, राजनगर में किया गया, जिसमें लगभग 300 बालिका विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजत बिश्नोई, डीवाईएसपी नेत्रपाल एवं थानाधिकारी राजनगर संजय सिंह भी मौजूद रहे। सत्र के दौरान छात्राओं को महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्म-संरक्षण तथा सुरक्षित जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी पहल**

जागरूकता सत्र में विशेषज्ञों द्वारा संवादात्मक तरीके से विषयों को समझाया गया, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास और सजगता का विकास हुआ। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

**बीसीएमओ ने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर जताई नाराजगी, दिये आवष्यक सुधार के निर्देश**

# स्वास्थ्यकर्मी आमजन को विभाग की योजनाओं से करें लाभान्वित,सेवा भावना से करें कार्य-डॉ. गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा आमजन को दी जा रही सुविधाओं, विभागीय योजनाओं-कार्यो एवं सर्वे का बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा निरन्तर फिल्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यो में सुधार के निर्देष दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को भी बीसीएमओ डॉ. गुर्जर द्वारा कोटपूतली शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौहल्ला बुचाहेड़ा, कोटपूतली में स्वास्थ्यकर्मियों को साथ ले जाकर उनके द्वारा किये गये कार्यो की जांच की। उन्होंने हैड काउन्ट सर्वे, ममता कार्ड, अनिमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत बच्चों को दी जा रही आईएफए सिरप, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत किये गये सर्वे, टीकाकरण, लाडो प्रोत्साहन योजना एवं मां वाउचर योजना आदि का निरीक्षण कर पाई गई कमियों पर नाराजगी जाहिर करते हुये कार्य में आवष्यक सुधार के निर्देष दिये। वहीं प्रसव पष्चात् एएनएम द्वारा विजिट कम पाये जाने एवं ममता कार्ड में एन्ट्री अपूर्ण पाये जाने पर दो एएनएम को कारण बताओ नोटिस भी दिया गया। इस दौरान बीसीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी सेवा भावना से कार्य करते हुये आमजन को राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी अपना कार्य पूर्ण जिम्मेदारी से करते हुये लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करें।

**शहरी पीएचसी का किया निरीक्षण**

इससे पूर्व बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर द्वारा कस्बे के नागाजी की गौर स्थित शहरी पीएचसी का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, दवा स्टोर, लैब जांच, टीकाकरण, एफसीएम इंजेक्शन आदि कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने, फिल्ड विजिट करने, समय पर डयूटी पर उपस्थित होने, आई.डी. कार्ड पहनने, संस्थान की साफ-सफाई, डीडीसी स्टोर में दवाईयों को सुव्यवस्थित करने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही आरसीएच रजिस्टर एवं आषा डायरी का नियमित संधारण करने एवं जांच करने की बात भी कही।

# चाइनीज़ मांझे की बिक्री के खिलाफ जनहित याचिका, प्रशासनिक लापरवाही पर उठाए सवाल

## बढ़ता राजस्थान ने प्रमुखता से छापी थी जनहित की खबरें

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले में प्रतिबंध के बावजूद जानलेवा चाइनीज़ मांझे की खुलेआम हो रही बिक्री के खिलाफ मानवाधिकार अधिवक्ता अंसार इंदौरी ने कोटा की एक अदालत में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में नगर निगम व संबंधित प्रशासनिक विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अंसार इंदौरी ने बताया कि प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज़ मांझे का व्यापार चोरी-छिपे अधिकारियों की मिलीभगत से जारी है, जिसके कारण आमजन,


4 साल का धीरू चाइनीज मांझे से हुआ था घायल, अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

प्रदेश मे मकर संक्रांति के दिन 120 से अधिक घायल, 6 की गई जान

बढ़ता राजस्थान

सुरक्षा की जरूरत वाले दिन नगर निगम की छुट्टी घोर लापरवाही - रामेश्वर सुवालका

ये बोले जिम्मेदार

राकेश व्यास
चीफ फायर ऑफिसर नगर निगम कोटा।

बच्चे और पक्षी लगातार घायल हो रहे हैं तथा जानमाल का नुकसान हो रहा है। याचिका में जनवरी माह में हुई कई गंभीर घटनाओं का उल्लेख किया गया है। 12 जनवरी को संजय नगर क्षेत्र में बाइक पर जा रहे पांच वर्षीय बच्चे के गले पर चाइनीज़ मांझे से गहरा कट लगा। 13 जनवरी को केशवपुरा फ्लाईओवर पर 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक रमेश राठौर की गर्दन में मांझा फंसने से 20 टांके आए। इसी क्रम में 14 जनवरी को अधिवक्ता प्रशांत चौहान की गर्दन की नसें कट गईं, जबकि नयापुरा क्षेत्र में पांच वर्षीय बालक धीर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी 15 जनवरी को उपचार के दौरान मौत हो गई। 16 जनवरी को केथूनीपोल थाना क्षेत्र में अब्दुल नामक बच्चा भी चाइनीज़ मांझे से घायल हुआ। याचिका में कहा गया कि नगर निगम द्वारा केवल औपचारिक और प्रतीकात्मक कार्रवाई की जा रही है। हर वर्ष मकर संक्रांति से कुछ दिन पहले सीमित स्थानों पर दबिश देकर मामूली मात्रा में मांझा जब्त किया जाता है, जबकि थोक विक्रेताओं, डीलरों और सप्लायर्स पर कठोर कार्रवाई नहीं होती। पच्चीस लाख से अधिक आबादी वाले जिले में मात्र कुछ स्थानों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि प्रशासन केवल अपीलें जारी कर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है, जबकि यह मामला नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा है। याचिका में अदालत से मांग की गई है कि जनहित में सख्त निर्देश जारी कर चाइनीज़ मांझे की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

## लाडपुरा ब्लॉक के स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य भवन में लाडपुरा ब्लॉक की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक के स्वास्थ्य कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ नागर ने ब्लॉक की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, गैर संचारी रोग की समीक्षा कर प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही एनसीडी, एबीडीएम, आभा आईडी व एपीआईडी के लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ घनश्याम मीना ने एनसीडी स्क्रीनिंग व सी-बेक फॉर्म के लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ प.क. डॉ गोविन्द सिंघल ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत अन्तरा इंजेक्शन, आईयूसीडी एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एसएन मीणा ने खुशी बेबी एप के माध्यम से टीबी का एसीएफ सर्वे करने के निर्देश दिए एवं एसीएफ सर्वे में पिछे चल रहे संस्थानों को गति बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीपीएम नरेन्द्र वर्मा ने सीएचओ को 12 से 15 इंडिकेटर्स के कार्यों की एबीडीएम पोर्टल पर भौतिक रिपोर्टिंग करने व माह में एक शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। बीसीएमओ लाडपुरा डॉ प्रभाकर व्यास ने परिवार कल्याण, आरसीएच, आभा आईडी, एचपीआईडी के लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में लाडपुरा ब्लॉक के समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, बीपीएम, एएनएम, सीएचओ, लेखाकार, सैक्टर हैल्थ सूपरवाईजर आदि मौजूद थे।

## नोटरीज़ के अधिकारों को कम करने के खिलाफ कोटा के वकीलों ने दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्रीए नोटरीज अधिनियम 1952 के द्वारा नियुक्ति नोटरियों को दिये गये अधिकारों को कम करने के मामले में उन्हे वापस बहाल करने की मांग को लेकर आज कोटा के वकीलों ने कोटा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सिंह अडसेला के नेतृत्व में कोटा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लिखा है कि इस गम्भीर मामले पर सहानुभूति पूर्वक विचार करें और राज्य सरकार को निर्देशित करें कि वह राजस्थान मे कार्यरत सभी नोटरियों को विधिक रूप से दिये गये दस्तावेज प्रमाणिकरण के अधिकारों को प्रतिबंधित नहीं करें पूर्ववत: बहाल करें और रजिस्ट्रेशन नियम 2025 के संशोधन को भी इस मामले मे स्थगित करें और नोटरी द्वारा सभी दस्तावेजात के प्रमाणितकरण को विधि सम्मत स्वीकार करने की घोषणा सार्वजनिक रूप से करें ।ज्ञापन देने वालों में अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष भारत सिंह अडसेला, महासचिव शम्भू सोनी, नोटेरी समिति संरक्षक अख्तर खान अकेला, नोटेरी अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, सलीम मोहम्मद खान, अभिषेक पाठक, मधु शर्मा, सीमा मालवीय, रघु नन्दन गौतम, महेश शर्मा, अब्दुल सलाम खान , ऋषिराज नागर , पिंकी शर्मा सहित कई वकील साथी उपस्थित थे, जयपुर से बार कौंसिलर सुशील शर्मा ने भी फ़ोन पर नोटेरी मांग का समर्थन किया है।

## कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी रेल खंड पर सघन टिकट जांच

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** यात्रियों में अनुशासन बनाए रखने तथा बिना टिकट यात्रा और अवैध वेंडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल द्वारा सोमवार को कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी रेल खंड पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट एवं अवैध वेंडिंग से जुड़े कुल 188 मामलों में कार्रवाई करते हुए किराया व जुर्माने के रूप में ?53,570 की वसूली की गई। जांच के अंतर्गत रामगंजमंडी एवं भवानीमंडी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों पर भी सघन जांच की गई, जिससे यात्रियों को सुव्यवस्थित और निष्पक्ष यात्रा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। टिकट जांच दल में मुख्य टिकट निरीक्षक लक्ष्मीकांत मीना, उप मुख्य टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा सहित टिकट जांच स्टाफ तथा रेलवे सुरक्षा बल के जवान शामिल रहे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान वैध टिकट लेकर ही सफर करें और रेलवे नियमों का पालन करें। यात्रियों की सुरक्षित एवं सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कोटा मंडल में ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## जिला परिषद चित्तौड़गढ़ व पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम प्रकाशन जारी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के पत्र क्रमांक एफ.15(12) पंरावि/विधि/वार्डों का गठन/2019/2931 दिनांक 30 अक्टूबर 2019 के तहत राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 13(2) व 14(2) तथा राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 व 4 के अंतर्गत जिला परिषद एवं पंचायत समिति के वार्डों (एकल सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों) के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन हेतु संबंधित जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया था। इसी क्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के पत्र क्रमांक एफ.15(43) पंरावि/विधि/वार्ड पुनर्गठन/2025/850 दिनांक 17 दिसम्बर 2025 द्वारा पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों के वार्डों के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के प्रस्ताव तैयार कर अंतिम प्रकाशन हेतु निर्देश जारी किए गए। निर्देशों की पालना में जिला कार्यालय के पत्रांक पंचायत/पुनर्गठन/5-1/2025/294 दिनांक 30 दिसम्बर 2025 द्वारा जिला परिषद के वार्डों (एकल सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों) का प्रारूप प्रकाशन कर सात दिवस की अवधि में आपत्तियाँ आमंत्रित की गईं। निर्धारित तिथि 05 जनवरी 2026 तक प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात जिला परिषद के वार्डों की सूची का पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन किया गया। जिला कलक्टर चित्तौडग़ढ़ आलोक रंजन द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के उपरोक्त निर्देशों की पालना में जिला परिषद चित्तौडग़ढ़ के वार्डों (एकल सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों) का पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन संलग्न सूची के अनुसार अंतिम रूप से प्रकाशित किया गया है।

## वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के स्मरणोत्सव का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय -2, रावतभाटा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 19 /01/ 26 से 26 /01/ 26 तक मनाया जाएगा । इसके अंतर्गत विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें वन्देमातरम गीत का प्रार्थना सभा में रोज़ाना गायन , सुविचार, कविता पाठ, भाषण, रैली और मानव श्रृंखला के जरिए लोगों में राष्ट्रीय गीत और भारत माता के प्रति अटूट प्रेम, आपसी एकता और सौहार्द को बढना है। विद्यालय में वंदे मातरम स्मरणोत्सव का शुभारंभ प्रधानाचार्य लोकेश जोशी ने किया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा के प्रारंभ में प्रार्थना सभा प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ढाका द्वारा वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व




एवं कार्यक्रम आयोजित करने के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कक्षा पांचवी अ के छात्र अनमोल वशिष्ठ ने वन्देमातरम पर एक सुविचार और पांचवी ब की छात्रा वैष्णवी पाण्डेय ने कविता , कक्षा आठवीं की छात्रा अंशिका वशिष्ठ ने आनंद मठ किताब की समीक्षा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री लोकेश जोशी जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 7 नवंबर 1975 को बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत ने अपने 150 वर्ष पूरे कर लिए हैं । वंदे मातरम केवल गीत का स्मरण नहीं वरन उन वीर क्रांतिकारी योद्धाओं के बलिदान और शौर्य का प्रतीक है जिन्होंने अपनी भारत माता को आजादी दिलाई यह गीत राष्ट्र के प्रति गौरव एकता और अटूट देश भक्ति का प्रतीक है जो हमारे दिलों में अपने देश के प्रति समर्पण की भावना को जगाता है।इस अवसर पर संगीत शिक्षक रोहिताश्व गौतम के साथ सभी विद्यार्थियों और समस्त शिक्षकों ने वन्देमातरम गीत को बड़ी श्रद्धा और सम्मान से गाया। इस कार्यक्रम का संचालन श्री महेंद्र सिंह ढाका और श्रीमती सुखदीप बी पंत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय उपप्रधानाचार्य श्री मुकुंद देवधर और समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

## देवलोक की तरह सज रही श्री रामगंज मंडी, 23 से 25 जनवरी तक जुटेंगे देश के प्रमुख संत

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी (नि.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की प्रेरणा से 23 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाली बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर आचार्य पं. धीरेंद्र शास्त्री की श्रीराम कथा एवं श्री गौ माता महोत्सव को लेकर रामगंज मंडी देवलोक की तरह सजने लगी है। पूरे नगर व आसपास के क्षेत्र को भगवा झंडा-पताकाओं से सजाया जा रहा है। जगह-जगह स्वागत द्वार व तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को रामगंज मंडी श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या के समान प्रतीत हो।मंत्री मदन दिलावर के प्रयासों से आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के साथ देश के अनेक मूर्धन्य संत भी रामगंज मंडी पधारेंगे। प्रमुख संतों में योग गुरु बाबा रामदेव, दीदी मां साध्वी ऋतंभरा, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती, रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ के जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज



एवं भानपुरा पीठ मध्यप्रदेश के जगद्गुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ शामिल हैं।

### कथा मे राजस्थान सरकार मंत्रिमंडल का रहेगा जमावड़ा

कथा के दौरान राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बेरवा 24 या 25 जनवरी को शामिल होंगे। 24 जनवरी को सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, वन मंत्री संजय शर्मा व गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के आने की स्वीकृति है। वहीं 23 जनवरी को राजस्व राज्य मंत्री हेमंत मीणा उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित एक दर्जन से अधिक मंत्रियों के कथा में शामिल होने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की वीसी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026 के सफल आयोजन एवं किसानों-पशुपालकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। वीसी में 23 जनवरी 2026 से राज्यभर की प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर प्रस्तावित विशेष शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने विभागीय समन्वय, व्यापक प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। वीसी में जिला कलक्टर पीयूष समारिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णा शुक्ला सहित कृषि, पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। वीसी में बताया गया कि बसंत पंचमी 23 जनवरी से विशेष शिविरों का शुभारंभ होगा, जो 24, 25, 31 जनवरी तथा 1 व 5 से 9 फरवरी तक कुल दस दिन चलेंगे। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, ऊर्जा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता से किसानों व पशुपालकों को योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिया जाएगा।

शिविरों में सौर पंप, फसल बीमा, सूक्ष्म सिंचाई, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु बीमा, टीकाकरण, डेयरी पंजीयन सहित अनेक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वीसी के बाद जिला कलक्टर ने सभी विभागों को प्रभावी आयोजन एवं अधिकतम लाभार्थियों को जोडऩे के निर्देश दिए।

## दाधीच समाज की बैठक संपन्न, 25 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा मातेश्वरी दधिमती प्राकट्य उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** जिला दाधीच पंचायत समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक महर्षि दधीचि मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

बैठक की शुरुआत जिला अध्यक्ष अशोक दाधीच (लक्ष्मीपुरा) द्वारा महर्षि दधीचि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई।

### समाज हित के मुद्दों पर मंथन

बैठक के दौरान सचिव राजेश बना ने समाज की उन्नति और एकजुटता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। समाज के विकास और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर सभी सदस्यों ने अपने विचार साझा किए। 25 जनवरी को होंगे भव्य आयोजन समाज प्रवक्ता अनन्त दाधीच ने



बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 जनवरी को मातेश्वरी दधिमती माताजी का प्राकट्य उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर बूंदी जिला दाधीच समाज की साधारण सभा का आयोजन भी किया जाएगा। संगठन के विस्तार हेतु इसी दिन नए सदस्यों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

### मिथिलेश दाधीच का अभिनंदन

कार्यक्रम के दौरान एक गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब मिथिलेश दाधीच को पुनः 'सर्व ब्राह्मण महासभा' का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। समाज बंधुओं ने उनका साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस बैठक और सम्मान समारोह के दौरान समाज के कई वरिष्ठ व सक्रिय सदस्य मौजूद रहे, जिनमें कन्हैया दाधीच (कार्यकारी अध्यक्ष, ग्रामीण), डॉ. रामचरण दाधीच (संरक्षक),ऋतुराज दाधीच, लोकेश दाधीच तीर्थ, शंभू दाधीच, रमेश दाधीच,भगवान दाधीच ,आशुतोष दाधीच, हेमत दाधीच,महावीर दाधीच मुकेश दाधीच सहित अन्य समाज जन उपस्थित थे।

श्री धाकड़ कर्मचारी संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह, 156 प्रतिभाएँ सम्मानित

## प्रतिभाएं समाज की धरोहर हैं : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** श्री धाकड़ कर्मचारी संघ कोटा द्वारा विनोबा भावे नगर स्थित धरणीधर गार्डन में प्रतिभा सम्मान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि प्रतिभाएँ किसी भी समाज की धरोहर होती हैं और उनका सम्मान समाज को नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि धाकड़ समाज आज शिक्षा, प्रशासन, तकनीकी व सेवा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा समाज की बेटियाँ भी हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़, किराड़ क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मंत्री रामकुमार मेहता,




मालव विकास समिति के संभागीय अध्यक्ष किशन मालव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जीतमल नागर, सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर, आरटीयू बोर्ड सदस्य प्रो. सुरेश नागर एवं श्रीमती कल्पना मालव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देव धरणीधर जी की पूजा-अर्चना से हुआ। संघ के संयोजक रमेश नागर ने स्वागत कर संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर 2025 में 10वीं-12वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 70 से अधिक विद्यार्थियों सहित आईआईटी, नीट, आईआईएम, सीए में चयनित विद्यार्थियों, नव नियुक्त, पदोन्नत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित कुल 156 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। संचालन हरीश नागर व इन्द्र नागर ने किया तथा अंत में ऊषा मालव ने आभार व्यक्त किया।

## शरीर के रोम-रोम में राम नाम बसाने का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/बकानी (विनोद गौड़)।** दिव्य गौसेवक संत पं. कमल किशोरजी नागर ने बकानी के समीप थोबडिया खुर्द में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें सोपान में प्रवचन देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में यदि धनवान व्यक्ति धन का, संत अपने तप का संतन और नारी अपने स्तन का प्रदर्शन न करे, तो परमात्मा से सहज जुड़ाव बनता है। उन्होंने कहा कि इस युग में आंखें कम और नजरें ज्यादा खराब हो गई हैं, इसलिए संयम और मर्यादा का पालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति किसी दबाव, प्रभाव या लगाव में नहीं, बल्कि स्वभाव में उतरनी चाहिए। यदि स्वभाव बिगड़ जाता है तो समाज और परिवार दोनों दूर हो जाते हैं। इसलिए मनुष्य को भक्ति के स्वभाव में धनी बनना चाहिए। पं. नागरजी ने आज के समय में बढ़ते पाखंड पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाखंड पाप का खंड है, जो अंततः कालचक्र बनकर मनुष्य को दंड देता है, जबकि भगवान के साथ रहने से सुदर्शन चक्र सदैव रक्षा करता है। उन्होंने शंका को इस युग का रावण बताते हुए कहा कि जहां शंका हो, वहां जाने से बचें और जहां सत्संग हो, वहां रुकने का प्रयास करें।

# विधुत बिल बकाया और चोरी को लेकर डिस्कॉम का अभियान जारी

## मत्सूरा फीडर से जुड़े पांच गाँवो में कार्यवाही,पांच ट्रांसफार्मर उतारे,शहर में 12 बिजली चोर पकड़े

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा बकाया को लेकर लगातार ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वसूली अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को डिवीजन एक्सईएन गोविंद सिंह के निर्देश पर बाड़ी एईएन आरडी मीणा और ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा की टीम ने मत्सुरा 33/11 केवी फीडर से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र में कार्रवाई की। जहां से 12 लाख की बकाया पर पांच ट्रांसफार्मर को लाइन से उतारा गया है। कई उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए भी पकड़ा है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

एईएन आरडी मीणा ने बताया कि मत्सूरा फीडर के गांव नींवरी का पुरा,सुरोठी,बादलपुर,पुरा भक्तु और चौक पूरा में टीम ने कार्रवाई की है। जहां से 12 लाख की बकाया पर पांच ट्रांसफार्मर को लाइन से अलग किया गया है साथ में ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि वह अपने बकाया राशि को जल्द भुगतान करें। इसके बाद ही वे निर्बाध रूप से बिजली का उपयोग कर सकते हैं। बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर न केवल जुर्माना बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।डिस्कॉम की टीम द्वारा बाड़ी शहर के मोहल्ला फरसा कॉलोनी,कीड़ी,सरमथुरा रोड,दुर्गा कॉलोनी,गुमट जाटव बस्ती और करमपुरा एरिया में कार्रवाई की है। एईएन आरडी मीणा के निर्देश पर सिटी जेईएन जगदीश मीणा की टीम ने इस दौरान 12 बिजली चोरों को पकड़ा है।

# अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बने दिनेश गर्ग बागथरिया

## सात सदस्यीय टीम ने की चारों प्रत्याशियों से गहन मंत्रणा, तीन युवाओ ने लिया नाम वापस

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के अग्रवाल समाज ने दिनेश गर्ग बागथरिया को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुना है। यह निर्णय पुराना बाजार स्थित अग्रसेन स्कूल में आयोजित पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। चुनाव अधिकारी भगवान दास बंसल ने उनके निर्वाचन की घोषणा की।

अध्यक्ष पद के लिए शुरुआत में चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिनके बीच लंबे समय से सहमति नहीं बन पा रही थी। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए समाज के पदाधिकारियों ने सात सदस्यीय टीम का गठन किया। गहन विचार-विमर्श के बाद रामकुमार गर्ग, मोहन मित्तल और विजय सिंघल ने सर्वसम्मति से अपने नाम वापस ले लिए, जिसके बाद दिनेश गर्ग बागथरिया के नाम पर सहमति बनी।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद दिनेश गर्ग बागथरिया ने मीडिया को बताया कि वे समाज द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने समाज की एकता और विकास कार्यों पर विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया। बागथरिया ने कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर समाज हित के कार्य करेंगे। कार्यकारिणी के अन्य पदों पर निर्वाचन के लिए 28 जनवरी को समाज की आमसभा का आयोजन किया जाएगा।

# कंटेनर बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत

## डीग- भरतपुर रोड पर 220 केवी बिजलीघर के पास हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग -भरतपुर रोड पर 220 के वी बिजलीघर के पास सोमवार दोपहर कंटेनर की टक्कर से बाइक पर सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर ड्राइवर को हिरासत में लेकर कंटेनर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मृतक के शव का राजकीय जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों जनों के सुपुर्द कर दिया है।

थाना कोतवाली के एएसआई पप्पू सिंह ने बताया है कि सोमवार की दोपहर करीब 1 बजे कुम्हेर की ओर से बाइक पर डीग आ रहे डीग के गांव दिदावली निवासी बृजभूषण 28 बर्ष पुत्र निहाल सिंह जाटव की बाइक को 220 केवी बिजली घर के सामने डीग की ओर से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ब्रज भूषण जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक कंटेनर को कुम्हेर की तरफ भगा कर ले गया। हादसे की सूचना पर पहुंची थाना कोतवाली पुलिस ने नाकाबंदी करा कर कंटेनर को मांढ़ेरा पुलिस चौकी पर रुकवा कर चालक को विरासत में लेकर कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक के शव का राजकीय जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# चिकित्सा शहर में चिकित्सकों ने 168 वाल रोगियों का इलाज कर ,2 बच्चों को किया रैफर

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय जिला चिकित्सालय में सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रेफरल बच्चों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 168 बच्चों की जांच एवं उपचार किया गया, जबकि 2 बच्चों को उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर किया गया। शिविर में प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) जिला अस्पताल डीग डॉ. जितेंद्र फौजदार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमराज गुर्जर, फिजिशियन डॉ. गजेंद्र पाल सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नरेश यादव, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी, नेत्र सहायक जयप्रकाश शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेश चंद्र लवानिया एवं डॉ. प्रगीत कुमार ने सेवाएं प्रदान कीं। अतिरिक्त मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ मानसिंह उप मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश मीणा ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# राजस्थान की 29 महिलाओं से 96 लाख की ठगी : पति-पत्नी ने साड़ी, सेनेटरी नैपकिन और चूड़ी की मशीन लगाने का झांसा दिया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में 29 महिलाओं से 96 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। ठग पति-पत्नी ने महिलाओं को चूड़ी, साड़ी और सेनेटरी पैड लगाने की मशीन देने के नाम पर ठगी की। मशीन की जगह महिलाओं को मशीनों के कुछ पार्ट्स दे दिए। मशीन के लिए कहने पर टाल-मटोल करते रहे।

महिलाओं ने इसकी शिकायत राजीविका ने अधिकारियों से की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि अधिकारियों ने भी उनके फोन उठाने बंद कर दिए। इसके बाद महिलाओं ने थाने में शिकायत दी।

मामला भरतपुर के पहाड़ी थाना इलाके का है। महिलाओं ने शिकायत रविवार को दी थी और सोमवार को इसपर कार्रवाई को लेकर थाने के बाहर पहुंच गई। पहाड़ी थाना एसएचओ योगेंद्र सिंह ने बताया- मामले में जांच जारी है। महिलाओं ने शिकायत दी है। पूछताछ कर रहे हैं।

### मशीनों के पार्ट्स दिए पूरी मशीन नहीं दी

महिलाओं ने थाने में दी शिकायत में बताया- पहाड़ी ब्लॉक में राजीविका के 1 हजार से ज्यादा समूह चल रहे हैं। अप्रेल 2025 में जिला कार्यालय राजीविका के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर निखिल और डिस्ट्रिक्ट मैनेजर लाइव नॉन फार्म रिचा यादव ने कुछ महिलाओं को कार्यालय बुलाया था। दोनों ने महिलाओं को शिव सिन्हा नाम के व्यक्ति से मिलवाया था। शिकायत में बताया- शिव सिन्हा और उसकी पत्नी पूनम ने रोजगार में मुनाफे के लिए मशीनें लगाने का झांसा दिया। दोनों ने चूड़ी, साड़ी और सैनेटरी पेड लगाने की मशीन देने की बात कही। इसके बाद कुछ महिलाओं को मशीनों के पार्ट्स दे दिए। जब पूरी मशीन के बारे में पूछा तो टालमटोल करने लगे। हमने सभी ने रुपए कैश में दिए थे। इसके बाद जब उनसे मशीनों को लेकर संपर्क किया तो कोई जवाब नहीं मिला न ही उन्होंने कॉल उठाया। महिलाओं ने जिला कार्यालय में अधिकारियों के पास कॉल किए लेकिन, उन्हें कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। कुछ महिलाओं ने ब्याज पर रुपए लेकर उन्हें दिया था तो कुछ महिलाओं ने अपने गहने गिरवी रखकर पैसे दिए थे।

राजीविका महिला अधिकारी ने किया था कॉल

पीड़ित महिला प्रीति ने बताया राजीविका के समूहों के मेले लगते हैं। मैं भी उनमें दुकान लगाती हूं। मेरे पास डीएमएनएफ रिचा यादव ने मुझे कॉल करके कहा कि प्रीति आप मेलों में दुकान लगाती हो। आपका काम बहुत अच्छा है। इसलिए आप डिस्ट्रिक पर आओ। हम आपके लिए बहुत अच्छा काम दिलाएंगे।



# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा बाडी द्वारा राउप्रावि बरौली का पुरा में कर्तव्य बोध पखवाड़े के अंतर्गत एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। महिला मंत्री रीना शर्मा ने बताया ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा प्रतिवर्ष 12 जनवरी (स्वामी विवेकानंद जयंती) से 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक 'कर्तव्य बोध पखवाड़ा' मनाया जाता है,जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में कर्तव्य निष्ठा,राष्ट्रबोध और व्यावसायिक चेतना को सुदृढ़ करना है,इस दौरान संगोष्ठियाँ,व्याख्यान, रचनात्मक कार्य और सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं,जहाँ शिक्षकों को %मेरा विद्यालय, मेरा तीर्थ% की भावना से काम करने और राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने का संदेश दिया जाता है। इसी क्रम में बाडी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अतिरिक्त जिला मंत्री राजेश कुमार शर्मा ने शिक्षकों से 'मेरा विद्यालय, मेरा तीर्थ' की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक संस्कारवान,अनुशासित और देशभक्त विद्यार्थियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं,कर्तव्य बोध पखवाड़ा एक वार्षिक अभियान है जो शिक्षकों में कर्तव्यपरायणता,चरित्र निर्माण और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है,जिससे वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

प्रधानाध्यापक महाराज सिंह मीना ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माता होते हैं, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और संगठन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपशाखा अध्यक्ष जीतेंद्र कंसाना ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन देवेंद्र स्वर्णकार ने किया। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता और शिक्षक उपस्थित रहे।

# मुस्लिम समाज के युवाओ ने सौंपा एडिशनल एसपी को ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में मुस्लिम समाज ने एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ को एक ज्ञापन सौंपा है। समाज ने आरोप लगाया है कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर एक विशेष समुदाय के खिलाफ लगातार अभद्र टिप्पणियां कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। समाज ने इन तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इंस्टाग्राम पर कुछ विशेष आईडी से असामाजिक तत्वों द्वारा एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डाली जा रही हैं। इन पोस्टों में समाज और धर्म के खिलाफ गलत टिप्पणियां की जा रही हैं, जिससे शहर का माहौल खराब हो रहा है। मुस्लिम समाज के युवाओं ने बताया कि इन टिप्पणियों से उनकी भावनाएं आहत हो रही हैं और समाज में रोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने वालों में सलमान खां,ज्ञान सागर,अरशद, धीरज सागर,कपिल सागर,हरीश,इरफान,फरमान,रिहान कुरेशी सहित कई अन्य युवा शामिल थे। उन्होंने एडिशनल एसपी से मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# हमारा बेस हिंदुत्व और संघ देशभक्त निर्माण की पाठशाला- राजे

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/जयपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि हमारा बेस हिंदुत्व है। उन्होंने ये भी कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ केवल एक संगठन नहीं, जीवन जीने की पाठशाला है। जहाँ तपकर देश पर मरने मिटने वाले देशभक्त तैयार होते हैं। विधाभारती उसी की शाखा है। जिसका लक्ष्य ऐसे शिक्षित इंसान तैयार करना है, जो चरित्रवाम हो। कुशल हो। संस्कारवान हो।जिनका जीवन भारतीय संस्कृति के अनुरूप हो। उनकी रग-रग में भारतीय सांस्कृति का समावेश हो। देश के प्रति वफ़ादारी का जज्बा हो।



राजे छबड़ा में आदर्श विद्यामंदिर के नव निर्मित प्रथम तल के लोकार्पण समारोह में बोल रहीं थी। उन्होंने कहा विद्या भारती समाज के कमजोर परिवारों को शिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने में जुटी हुई है।

आज देश में 33 लाख विधार्थी विद्या भारती द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं में अध्यन कर रहें है। विद्या भारती का मूल मंत्र है छात्रों को शिक्षित कर, उनमें सांस्कृतिक, नैतिक तथा सामाजिक चेतना का संचार करना। यह संस्था देश के लिए देशभक्त और संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण कर रही है।

पूर्व सीएम ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब वसुन्धरा राजे मुख्यमंत्री बन सकती है तो आप क्यों नहीं ? जब प्रतिभा पाटिल और द्रौपदी मुर्मू महामहिम राष्ट्रपति बन सकती है तो छबड़ा के आदर्श विद्या मंदिर की बेटियां क्यों नहीं ? कार्यक्रम को विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री शिव प्रसाद, सांसद दुष्यंत सिंह, विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, कथावाचक प्रियंका भारती ने भी संबोधित किया।

# वाणी प्रदूषित मुक्ति संस्थान का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** वाणी प्रदूषण मुक्ति संस्थान का 36वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता काका रघुराज सिंह ने की, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन थे। उन्होंने कहा कि आज का युग उलझनों का युग है, इसमें पर्यावरण प्रदूषण, आतंकवाद, उग्रवाद एवं वाणी का प्रदूषण भरतपूर है, अध्यक्षयीय उद्बोधन देते हुए काका रघुराज सिंह ने कहा कि राजनीति में वाणी प्रदूषण सबसे ज्यादा हो रहा है। नेताओं को वाणी का संयम रखना चाहिये। सभी वाद विवादों को छोड़कर आध्यात्मिकता को अपनाना चाहिये। डा. प्रदीप डागुर ने कहा कि आज 90 प्रतिशत लोग असामान्य मनोवृति में जी रहे हैं, या तो सुपीरियर और या इन्फीरियर मानसिकता से पीड़ित हैं। संतुलित मानसिकता से शरीर के 60 प्रतिशत रोग समाप्त होते हैं। डा. मौहकम सिंह योगाचार्य ने सहज योग पर बोलते हुए मूलाधार चक्र से लेकर सहस्त्रार चक्र तक सातों चक्रों की व्याख्या करते हुए कुण्डलनी जाग्रति के आयाम बताये व योग कराया। डा. दिनेश उपाध्याय ने ऋतु आधारित, खट्टा, मीठा लवण, तीखा एवं कड़वे आहारों को संतुलित रूप में लेने की सलाह दी। इस अवसर पर साहित्यकार उमाशंकर वशिष्ठ को साहित्य के क्षेत्र में अरविंद कुमार कुरका को रक्तदान के क्षेत्र में एवं लक्ष्मीनारायन गुप्ता पूर्व मुन्सरिम को समाज सेवा के क्षेत्र में अभिनन्दन किया। लक्ष्मीनारायन गुप्ता ने कहा कि हमें तीन फैक्ट्रियां खोलनी हैं, कोल्ड स्टोरेज मस्तिष्क में, सुगर फैक्ट्री जुवान में और दिल में लव फैक्ट्री खोलनी चाहियें, इससे हम पूर्ण धनवान हो जायेंगे, तब ही जीवन सार्थक कट पायेगा। उमाशंकर वशिष्ठ द्वारा रचित 'नीति-रीति एवं समसामयिक दोहावली' पुस्तक का विमोचन मंच द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन में विट्ठल पारीक जयपुर, भूपेन्द्र भरतपुरी, दीपक दीपांशु आगरा, कमलेश कमल कोटा, गोविन्द बृजवासी कामां एवं श्याम लाल सैनी नगर ने अपनी कविताओं से समां बांधा और ठहाके लगवाये। कार्यक्रम में डा. प्रेमसिंह कुंतल, डा. शिव कुमार, डा. चेतन डागुर, सुनील प्रधान, श्याम सिंह जघीना, श्याम देव योगी, बच्चू सिंह, लाखन सिंह, कपिल, उत्तम चंद वैद्य, ताराचंद शर्मा, डोरीलाल शर्मा, देवेन्द्र चामड़ प्रवक्ता भाजपा, स्थानीय साहित्यकार, समाजसेवी एवं श्रोता उपस्थित हुए। संस्था का प्रतिवेदन अध्यक्ष ओमप्रकाश आजाद ने पढ़ा, स्वागत डा. प्रेमसिंह कुन्तल ने किया। आभार देवेन्द्र चामड़ ने व्यक्त किया।



# गुप्त नवरात्र आज से शुरू:शुभ कार्यों का श्रेष्ठ योग, 27 को समापन, 23 को विवाह का अबूझ सावा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** इस साल के चार नवरात्रों में पहले गुप्त नवरात्र सोमवार 19 जनवरी यानी आज से शुरू हो गए हैं। जो इस बार विशेष शुभ संयोग लेकर आ आए हैं। गुप्त नवरात्रि की शुरुआत सर्वार्थसिद्धि योग के महासंयोग में होगी, वहीं समापन दिवस 27 जनवरी को भी सर्वार्थसिद्धि योग के साथ रवि योग रहेगा।

विख्यात पंडित पुरुषोत्तम पाराशर ने बताया कि, बसंत पंचमी 23 जनवरी को है। इस दिन शुभ मुहूर्त होने से शादियों की धूम देखने को मिलेगी। पंडित जी के अनुसार जनवरी माह में मलमास और शुक्र ग्रह के अस्त रहने के कारण अधिकांश दिनों में विवाह के योग नहीं बन रहे। 31 जनवरी तक शुक्र अस्त रहने से इस अवधि में शुभ विवाह मुहूर्त नहीं हैं। हालांकि, बसंत पंचमी का अबूझ सावा होने के कारण 23 जनवरी को बिना मुहूर्त देखे विवाह किए जा सकेंगे।

# प्रगतिशील किसान : रिटायर्ड शिक्षक ने जैविक तरीके से सेब का बाग लगाया, एक पौधे से 50 किलो उत्पादन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर जिले के नौगाया निवासी जगन्नाथप्रसाद शर्मा पेशे से शिक्षक हैं। मगर इन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद आराम करने की बजाय जहर मुक्त खेती के लिए अनूठी पाठशाला खोल ली है। वे अब तक सैकड़ों किसानों को जैविक खेती करना सिखा चुके हैं। खुद भी औषधि फसलें, मसाला फसलें, अनाज के साथ फल उत्पादन जैविक पद्धति से कर रहे हैं। वे बताते हैं कि जैविक खेती की यात्रा के पीछे भी एक कारण रहा है।बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर बड़े बेटे राहुल शर्मा के घर वर्ष 2016 में पुत्र हुआ। जन्म के तीन दिन बाद पता चला कि उसके दिल में छेद है और धमनियां सिकुड़ी हुई है। तब डॉक्टरों ने बताया कि आजकल खानपान की चीजों से लेकर मां के दूध में हानिकारक कीटनाशकों की मात्रा पाई जाती है। उस वक्त हमने जैविक खेती करने का तय किया और बेटे की मदद से एक ऑर्गेनिक संस्था शुरू की। फार्म पर केंचुआ खाद और देसी गाय के गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन, नीम की पत्तियों इत्यादि से कीटनाशक बनाना शुरू किया। 2019 में पहली बार यही खाद व कीटनाशक इस्तेमाल किए तो फसल अच्छी हुई। रसायन वाले कीटनाशक का खर्चा भी बच गया। धीरे-धीरे हल्दी की खेती, मोरिंगा, ताइवान पिंक अमरूद, कसूरी मैथी, आंवला, काला गेहूं, सोना मोती गेहूं, सेब आदि की खेती करने लगे। इससे न केवल लाखों की कमाई होने लगी बल्कि परिवार का स्वास्थ्य भी सुधरा। वर्ष 2022 में उत्तराखंड से पद्मश्री किसान हरिमन शर्मा के यहां से गर्म इलाकों में होने वाले सेब के 50 पौधे मंगवाए। 2024 से इनसे फल आना शुरू हुए। पहले साल पांच किलो प्रति पौधा ही उत्पादन हुआ लेकिन दूसरे साल 25 और अब 50 किलो के आसपास सेब हो रहे हैं। इनके अलावा अब एक एकड़ में हल्दी व बेर लगे हैं। मोरिंगा के सौ पौधे लगा रखे हैं। 5 प्रजाति के बेर के पौधों के बीच हल्दी की फसल ले रहे हैं।



# आईओसीएल पाइप लाइन की सुरक्षा पर सख्त पहरा तेल चोरी रोकने को रेंज स्तरीय रणनीति तैयार

## ओएससीसी बैठक में ड्रोन निगरानी, संपत्ति जब्ती व सख्त कार्रवाई पर जोर, सूचना देने पर 25 हजार से 1 लाख तक इनाम

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर आईओसीएल पाइप लाइन से हो रही क्रूड ऑयल चोरियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में ओएससीसी की रेंज स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह ने की बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी (मालपुरा, टोंक), रेंज के संबंधित वृत्ताधिकारी व थानाधिकारी तथा आईओसीएल पाइप लाइन परियोजना के उप महाप्रबंधक गौरव छीबा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में आईओसीएल पाइप लाइनों से होने वाली तेल चोरियों पर गंभीर मंथन करते हुए प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस रणनीति बनाई गई। पाइप लाइन की सतत निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, नियमित रात्रिकालीन गश्त, तकनीकी संसाधनों का उपयोग, ड्रोन पेट्रोलिंग तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही नवीन आपराधिक कानून के तहत तेल चोरी के मामलों में आरोपियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई पर भी चर्चा की गई। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि तेल चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आईओसीएल प्रबंधन को अपनी सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए गए आम नागरिकों से अपील की गई कि पाइप लाइन क्षेत्रों में अवैध खुदाई या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सटीक सूचना देने वालों को 25 हजार से 1 लाख रुपये तक का इनाम दिए जाने की घोषणा भी की गई।

## पंचवटी में 1 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन तैयारियां जोरों पर, सामाजिक एकता का सशक्त संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा पंचवटी में सशक्त, संगठित एवं जागृत हिंदू राष्ट्र के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगामी 01 फरवरी 2026, रविवार को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में 18 जनवरी 2026, रविवार को होलिका चौराहा, पंचवटी में सम्मेलन की तैयारियों एवं उद्देश्य को लेकर एक महत्वपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस विराट हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रसेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता का संदेश जाता है और हिंदू समाज को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है। इस पावन अवसर पर हिंदू समाज के संगठनात्मक कार्यालय के भव्य शुभारंभ की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यालय भविष्य में सामाजिक गतिविधियों, सेवा कार्यों एवं राष्ट्रहित से जुड़े अभियानों का केंद्र बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष कश्मीर की भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन केवल स्थानीय स्तर का आयोजन नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे राजस्थान में देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस विराट आयोजन को भावनात्मक, वैचारिक एवं विविध स्वरूपों में सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता कटिबद्ध हैं और यह सम्मेलन राजस्थान में एक मिसाइल की तरह प्रभावी संदेश देगा। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## शाहपुरा में फूड लाइसेंस शिविर आयोजित बिना लाइसेंस खाद्य विक्रय पर होगी सख्त कार्रवाई :सीएमएचओ डॉ. शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, जयपुर तथा जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार सोमवार को शाहपुरा में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 92 खाद्य विक्रेताओं का मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया गया, जबकि 15 खाद्य कारोबारियों को फूड लाइसेंस जारी किए गए। साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों एवं स्वच्छता नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव सहित स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे। खाद्य विभाग की टीम ने फोस्कोस पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए पात्र आवेदकों को तुरंत लाभ पहुंचाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में खाद्य सामग्री बेचने वाले सभी व्यापारियों के लिए फूड लाइसेंस और फोस्कोस पोर्टल पर पंजीकरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनी अनिवार्यता है। बिना लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री का विक्रय गैरकानूनी है, जिस पर जुर्माना एवं दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

## राज. शिक्षक संघ कपासन द्वारा कर्तव्य बोध पखवाड़े के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा कपासन द्वारा स्थानीय शाखा अध्यक्ष शांतिलाल शर्मा की अध्यक्षता में कर्त्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया गया। शिक्षक संघ उपशाखा




कपासन मंत्री गोपाल कृष्ण नामधर ने बताया कि रविवार को नगर कपासन के राजमार्ग स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में कर्तव्य बोध पखवाड़ा के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमे जिला पर्यवेक्षक शंकरलाल भदेसर,प्रदेश प्रभारी हेमंत शर्मा,जिला सभाध्यक्ष मुकर्रम अली, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय आदि शिक्षक संघ उप शाखा कपासन के पदाधिकारीगण रहे।इस दौरान जिला पर्यवेक्षक शंकरलाल द्वारा जिले में बन रहे शिक्षक भवन के लिये अर्थिक सहयोग की अपील की गयी। प्रदेश प्रभारी हेमंत शर्मा ने बताया कि विवेकानन्द जयंती से सुभाष चंद्र बोस जयंती तक प्रतिवर्ष कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन जाता है।जिसके अन्तर्गत असहाय की सहायता करना एवं अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक होना है।साथ ही शिक्षक संघ उप शाखा कपासन द्वारा जरूरतमंद एवं निर्धन छात्रों में आवश्यक शिक्षण सामग्री आगामी दिनों में वितरित करने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुकेश चन्द्र त्रिपाठी,अशोक कुमार त्रिपाठी,पूरणमल तेली,संदीप ढाका,मनमोहन आचार्य, अमराराम,कुलदीप सिंह आदि शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवा जोश का संगम बना ब्यावर, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का भव्य अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का ब्यावर आगमन पर सेन्दड़ा रोड स्थित विधायक कार्यालय में बलवीर रावत के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों युवाओं की मौजूदगी में 'भाजयुमो जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक शंकर सिंह रावत ने शंकर गोरा का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें नए दायित्व के लिए बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। युवा टीम द्वारा 51 किलो की माला एवं हनुमान जी की गदा भेंट कर सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष जयकिशन बलदुआ, सुभाष राठी, वीरेंद्र सिंह रावत, यश खंडेलवाल, मंगत सिंह मोनू, बद्री सामरिया, पंकज बलदुआ, राजकुमार, नरेंद्र चौहान, मनीष मेहता, गजेंद्र सिंह, राजवीर रावत, करण सिंह रावत, राजेन्द्र सिंह, संदीप जॉय, भरत मंगल सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

## बूंदी जिले में जैन मंदिरों में हो रही चोरियों के विरोध में जिला प्रशासन को ज्ञापन दे कर विरोध प्रकट किया

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (नि.स.)।** जिले के बड़ा नया गांव में स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर से शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा एवं चांदी के छत्र एवं नैनवा शहर के उनियारा रोड पर स्थित दिगंबर जैन नेमीनाथ मंदिर से भगवान आदिनाथ, पार्श्वनाथ की अष्टधातु की प्रतिमाएं चांदी के दो सिंहासन व सात चांदी के छत्र चोर चोरी करके ले गए। अभी तक न तो चोरो को पकड़ा गया है और नहीं उनसे मूर्तियां, छत्र सिंहासन आदि बरामद किये गये है। इन चोरी की घटनाओं से जिले के सकल जैन समाज में काफी रोष व्याप्त है। पुलिस द्वारा अभी तक चोरों को नहीं पकड़ा गया है एवं नहीं उनसे कोई बरामदगी की है। सकल जैन समाज इन चोरी की घटनाओं की बहुत-बहुत निंदा करता है एवं जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग करता है कि चोरों को पडक़र जल्द ही हमारे आराध्य जैन भगवानों की प्रतिमाएं बरामद की जाएं चोरों को कड़ी से कड़ी सजा दी जावे। इन चोरियों की घटना के संबंध सोमवार को सकल जैन समाज के नेतृत्व में सम्पूर्ण जैन समाज द्वारा अहिंसा सर्किल से जुलूस के रूप में रवाना होकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया । ज्ञापन देने वालो में सकल जैन समाज अध्यक्ष एडवोकेट संजय कुमार जैन, महामंत्री महावीर कुमार धनोप्या , संरक्षक त्रिलोकचंद जैन , ओमप्रकाश बडज़ातिया , सरावगी समाज संस्थान अध्यक्ष संतोष कुमार पाटनी, मंत्री योगेंद्र जैन , पार्षद टीकम जैन , गणेश लाल जैन बड़ा नयागांव रमेश चंद्र भंडारी , दीपक जैन , प्रदीप हरसोरा , मंजू पाटनी सहित सकल जैन समाज के महिला , पुरुष , बच्चे शामिल रहे ।

## गुरलां में माता शबरी कुटिया छाया निर्माण कार्य के लिए महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने दिया 2 लाख का सहयोग

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिले के गुरलां में स्थित टेकरी के हनुमान मंदिर के निकट माता शबरी की कुटिया छाया निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन द्वारा 2 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि हंसगंगा हरि शेवा चेरिटेबल ट्रस्ट व हरि शेवा धाम चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से यह राशि दो चेकों के माध्यम से महंत पुनीत दास त्यागी को भेंट की गई। सहयोग राशि सौंपने के दौरान श्री बालाजी समाज सेवा समिति गुरलां के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महामंडलेश्वर ने इस अवसर पर कहा कि माता शबरी की तपोस्थली का विकास समाज और आध्यात्मिक चेतना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंदिर निर्माण होने से साधकों और श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक व पर्यटक स्थल विकसित होगा। पर्यावरण की दृष्टि से छाया के चारों तरफ तारबंदी कर पेड पौधे लगाए जाएंगे, श्रद्धालुओं व यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियां लगायी जाएगी। श्री बालाजी समाज सेवा समिति ने महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि समाज के सहयोग से यह भव्य निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण स्वरूप लेगा। वहीं अम्बेडकर कॉलोनी कांवाखेड़ा बस्ती में जरूरतमंद लोगो के लिए शॉल वितरित की गई। इस दौरान संत मायाराम, संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल सिद्धार्थ, मिहिर, समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह पुरावत, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश भुनकर, सचिव योगेंद्र सिंह पंवार, छितर मल गेंगट, महावीर गेंगट, इंद्र अवतानी आदि उपस्थित थे।

## मौनी अमावस्या के पवित्र दिवस पर जगद्गुरु शंकराचार्य का अपमान निंदनीय- कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** जिला कांग्रेस कमेटी चित्तौडग़ढ़ के अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया द्वारा सनातन धर्म की सर्वोच्च परंपराओं से जुड़े संतों के अपमान को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गयी है।सिसोदिया ने कहाकि स्वयं को सनातन व हिंदू राष्ट्र का ठेकेदार बताने वाली ताकतें आज उसी सनातन की मूल आत्मा पर प्रहार कर रही हैं। साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष सिसोदिया ने कहाकि चार धामों के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का मौनी अमावस्या जैसे अत्यंत पवित्र दिवस पर किया अपमान यह दर्शाता है कि कुछ लोगों के लिए धर्म आस्था का विषय नहीं अपितु सत्ता व वोट हासिल करने का माध्यम बन गया है।उक्त कृत्य पूरे हिंदू समाज की भावनाओं को गहराई से आहत करने वाले हैं।शंकराचार्य तथा उनकी गुरु-शिष्य परंपरा का अपमान किसी सच्चे सनातनी के लिए अक्षम्य है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने आरोप लगाया कि धर्म एवं संतों का अपमान कर जानबूझकर समाज को भ्रमित किया जा रहा है।ताकि जनता का महंगाई,बेरोजगारी,किसानों की बदहाली एवं युवाओं के भविष्य इत्यादि ज्वलंत मुद्दों एवं जन समस्याओं से जनता जनार्दन का ध्यान दिग्भ्रमित किया जा सके।उक्त हालात मात्र धार्मिक भावनाओं से खेलकर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है।मगर अब जनता जागरूक होकर पहचानने लगी है कि कौन वास्तविकता में सनातन मूल्यों का सम्मान करता है तथा कौन मात्र धर्म की आड़ में वोट लेने की राजनीति करता है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सिसोदिया ने कहाकि कांग्रेस संगठन सदैव संत परंपरा,धार्मिक आस्था सहित संवैधानिक मूल्यों के सम्मान की पक्षधर रही है।उसी प्रकार आगे भी कांग्रेस संगठन मजबूती के साथ खड़ा रहेगा।

## 108 और 104 एम्बुलेंस कर्मियों ने खोला मोर्चा, जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (नि.स.)।** जिले की जीवन दायिनी कही जाने वाली 108 और 104 एम्बुलेंस सेवाओं के पहिए जल्द ही थम सकते हैं। अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे एम्बुलेंस चालकों ने आज जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ड्राइवरों की मुख्य मांग उन्हें ष्टस्क्र रूल 2022 के नियमों के दायरे में शामिल करने की है।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार मौन

ज्ञापन देने पहुंचे एम्बुलेंस कर्मियों ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने पूर्व में उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए राहत देने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ड्राइवरों का आरोप है कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

### प्रमुख मांगें और चेतावनी

सीएसआर रूल 2022 में शामिल करना: संविदा पर कार्यरत इन ड्राइवरों को परमानेंट किया जाए साथ ही नियमों के तहत सुरक्षा और लाभ दिए जाएं। अदालती आदेश की पालना: हाई कोर्ट के फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

### छक्का जाम की चेतावनी

कर्मियों ने स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते उनकी सुनवाई नहीं हुई, तो वे पूरे जिले में 108 और 104 सेवाओं का पूर्ण रूप से छक्का जाम करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यदि एम्बुलेंस कर्मी हड़ताल पर जाते हैं, तो जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं।

ग्रामीण इलाकों से मरीजों को अस्पताल पहुँचाने वाली 104 सेवा और गंभीर स्थिति में काम आने वाली 108 सेवा बंद होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## पीएमश्री राजकीय विद्यालय कपासन के 50 विद्यार्थियों ने जिला मुख्यालय स्थित सैनिक स्कूल में शैक्षणिक भ्रमण किया

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय के 50 विद्यार्थियों द्वारा पीएमश्री योजना में ट्विनिंग ऑफ स्कूल गतिविधि के तहत जिला मुख्यालय चित्तौडग़ढ़ स्थित सैनिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।साथ ही अनुशासन, नेतृत्व,आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों व सैन्य जीवन की कार्यशैली से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित भ्रमण हेतु विद्यार्थियो को प्रधानाचार्य यशवंत कुमार जागेटिया एवं भ्रमण दल प्रभारी उप प्राचार्य मदनलाल जाट द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इधर पीएमश्री योजना प्रभारी अश्विनी कुमार व्यास ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित सैनिक स्कूल में रमेश साहा एवं सदस्यों द्वारा भ्रमण दल का स्वागत किया गया।इस दौरान भ्रमण दल के विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सैनिक स्कूल के गौरवशाली इतिहास,शैक्षणिक परंपराओं एवं उपलब्धियों की जानकारी से अवगत कराया गया।साथ ही विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल परिसर में स्थित तरणताल का अवलोकन किया तथा शारीरिक दक्षता एवं अनुशासन के महत्व को समझा। छात्रा दल प्रभारी नाजिमा बानू ने बताया कि विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल की हॉस्टल हाउस व्यवस्था मे अनुशासन,समयबद्ध दिनचर्या,सामूहिक जीवन की भावना को देखने व समझने का अवसर मिला। उल्लेखनीय है कि पीएमश्री योजना में ट्विनिंग ऑफ स्कूल गतिविधि के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय के भ्रमण दल में शामिल 50 विद्यार्थियों हेतु सैनिक स्कूल में मुख्य आकर्षण का केंद्र भारतीय सेना के विभिन्न अस्त्र-शस्त्र एवं टैंक का अवलोकन करना रहा।जिसमें सैन्य उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की रक्षा व्यवस्था,सेना के शौर्य एवं बलिदान की भावना से परिचित कराया गया।

## बालिका वर्ग में दिखा खास जोश, 90 खिलाड़ियों ने दी चयन स्पर्धा में चुनौती



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान सरकार की 'एक जिला-एक खेल' पंच गौरव योजना के अंतर्गत जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, ब्यावर के तत्वावधान में जवाजा ब्लॉक में हॉकी चयन स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 90 खिलाडियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिला खेल अधिकारी ब्यावर दिनेश चौधरी ने बताया कि माननीय जिला कलेक्टर कमल राम मीणा के निर्देशानुसार आयोजित ट्रायल में खिलाडियों का फिटनेस टेस्ट एवं स्किल टेस्ट लिया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान ड्रिब्लिंग, पासिंग, शूटिंग सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया गया।ट्रायल के दौरान बालिका वर्ग में खिलाडियों का अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल के प्रति समर्पण विशेष रूप से सराहनीय रहा। चयनित खिलाडियों को शीघ्र ही 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा, जहां उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से उन्नत प्रशिक्षण प्रदान कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

# बीजेपी को मिला नया बॉस!

## नितिन नबीन निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष, आज ताजपोशी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद एकमात्र प्रस्तावित नाम होने के कारण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय प्रतिवेदक डॉ. के. लक्ष्मण के अनुसार, नामांकन वापस लेने की अवधि समाप्त होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम – नितिन नबीन का – प्रस्तावित किया गया था। पार्टी ने पुष्टि की कि उनके पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट जमा किए गए थे, और इस पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार का नाम प्रस्तावित नहीं किया गया था।

लक्ष्मण ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में, मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नाम, नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। 45 वर्षीय नबीन को 14 दिसंबर, 2025 को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वे राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालने वाले अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष होंगे। वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा का स्थान लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित शीर्ष नेताओं ने उनकी उम्मीदवारी का



समर्थन किया है। 20 जनवरी, 2026 को सुबह 11:30 बजे होने वाला यह सत्ता हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में होगा। दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व विधायक नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के पुत्र नवीन बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और राज्य सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं।

आरएसएस से जुड़े होने के कारण पार्टी के भीतर उन्हें एक संगठनात्मक रूप से मजबूत और वैचारिक साख रखने वाले नेता के रूप में देखा जाता है, जो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। अपने मजबूत जमीनी समर्थन के लिए जाने जाने वाले नबीन ने लगातार विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020 और 2025) में यह सीट जीती है, साथ ही 2006 में उपचुनाव में भी जीत हासिल की थी। हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनावों में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 51,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया। नबीन ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में सड़क निर्माण और शहरी विकास मंत्रालय संभाला था, लेकिन बाद में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

### आईएमएफ का बड़ा ऐलान

## वैश्विक तनाव के बावजूद भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 7.3% किया




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी किए गए नवीनतम अनुमानों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक विश्वास को और मजबूती दी है। वैश्विक व्यापारिक तनावों के बावजूद भारत की विकास यात्रा अपनी गति बनाए हुए है। वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और टैरिफ के बढ़ते तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया को अपनी मजबूती का परिचय दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सोमवार, 19 जनवरी 2026 को जारी अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 7.3% कर दिया है। आईएमएफ ने कहा, भारत में, 2025 के लिए ग्रोथ को 0.7 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है, जो साल की तीसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर नतीजों और चौथी तिमाही में मजबूत गति को दिखाता है। 2026 और 2027 में ग्रोथ 6.4 प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है क्योंकि साइक्लिकल और अस्थायी कारक कमजोर होंगे। कैलेंडर वर्ष 2026 और 2027 के लिए, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने क्रमशः 6.3 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया है।

### विश्व अर्थव्यवस्था में 3.3% विस्तार का अनुमान

191 देशों के इस कर्ज देने वाले संगठन को उम्मीद है कि इस साल ग्लोबल ग्रोथ 3.3 प्रतिशत रहेगी, जो 2025 के समान है, लेकिन अक्टूबर में 2026 के लिए अनुमानित 3.1 प्रतिशत से अधिक है। भारत का मजबूत आउटलुक मजबूत घरेलू मांग, लगातार सार्वजनिक निवेश और निजी पूंजीगत खर्च में धीरे-धीरे सुधार पर आधारित है।

# पूर्व मंत्री बोले-बाड़मेर के लोगों को श्रीगंगानगर का बताया

## एसआईआर विवाद पर जूली बोले- हार के डर से पंचायत-निकाय चुनाव नहीं करवा रहे




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/दिल्ली।** बाड़मेर में कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर एसआईआर को लेकर आपत्ति जताई। पूर्व मंत्री गफूर अहमद ने कहा-हमारे साथ में 20 बीएलए-2 भारतीय जनता पार्टी के हैं। उनके झूठे हस्ताक्षर करके हमको श्रीगंगानगर का निवासी बता दिया गया है। वहीं सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा- एसआईआर में संदेह पैदा हो रहा है। अब लोगों को समझ में आ रहा है कि किस प्रकार से वोट चोरी हो रही है। इससे पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा पर हमला बोला। डोटासरा ने कहा- बीजेपी राजस्थान में वोट पर डाका डाल रही। 13 जनवरी को अमित शाह सीएमआर में रुकते हैं। 3 से 13 जनवरी के बीच बीजेपी में गुप्त रूप से खेला चलता है। फर्जी कंप्यूटराइज फॉर्म हर विधानसभावार प्रिंट होते हैं। जूली ने कहा- 9 जनवरी को बीजेपी के 126 बीएलए ने केवल 4 नाम काटने की एप्लिकेशन दी थी, इसके बाद 16 जनवरी को यह आंकड़ा हजारों में हो गया। 16 जनवरी को बीजेपी के 2133 लोगों ने 18,896 नाम काटने की एप्लिकेशन लगाई है। ऐसा क्या हुआ कि अचानक नाम काटने के आवेदनों में तेजी आई? कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और टीकाराम जूली ने दिल्ली एआईसीसी मुख्यालय में राजस्थान एसआईआर विवाद पर ने सोमवार को मीडिया से बात की।

**जयपुर की बैठक में तय हुआ एजेंडा:** डोटासरा ने कहा- राजस्थान में एसआईआर के तहत 3 जनवरी तक सब ठीक चल रहा था। 3 जनवरी को बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने जयपुर में बैठक ली। उस बैठक में एजेंडा तय किया गया। एजेंडे के तहत फर्जी वोट जोड़ने और घटाने का खेल शुरू हुआ।

**जहां कांग्रेस जीती, वे विधानसभा चिह्नित की:** डोटासरा ने कहा- अमित शाह के दौरे के बाद सभी विधायक और उम्मीदवारों को बुलाकर पेन ड्राइव दिया। 13 की शाम से लेकर 15 तक कहीं 10 हजार, 20 हजार फॉर्म इस तरह नाम काटे जाने का षड्यंत्र चला। उन विधानसभा क्षेत्रों को चिह्नित किया जाता है, जहां कांग्रेस जीती हो। वहां वर्ग विशेष के नाम काटे जाने के फॉर्म दिए।

**बीजेपी के फॉर्मों की जांच करवाए चुनाव आयोग:** जूली ने कहा- राजस्थान में बीजेपी वाले प्री-फील्ड फॉर्म लाए, जिनसे ये पकड़ में आए। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से मांग करता हूं कि इन सारे फॉर्म की फोरेंसिक जांच हो कि ये कहां छपे हैं? कौन व्यक्ति इनको यहां नीचे पहुंचाकर गया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**एक ही जगह पर छापे गए सारे फॉर्म:** हमारा आरोप है और चैलेंज है कि ये सारे फॉर्म एक सेंट्रलाज्ड जगह पर छापे गए हैं और वहां से छाप कर इनको जयपुर पहुंचाया गया है। जयपुर से उनके विधायक, विधायक प्रत्याशी और पांच मंत्रियों के माध्यम से इनको नीचे एसडीएम ऑफिस के अंदर पहुंचाया है।

## राहुल बोले-आरएसएस-बीजेपी कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश बेचना चाह रही



बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि आरएसएस और बीजेपी चाहती है कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें। राहुल केरल के कोच्चि में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे। कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया। संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना। राहुल ने कहा कि आरएसएस और बीजेपी सत्ता को अपने पास ही रखना चाहती हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को नीचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव-कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है।

### राहुल की स्पीच की बड़ी बातें

दिल्ली में हुई बैठकों में अलग-अलग नेताओं की अलग राय थी, लेकिन मैंने साफ कहा था कि यूडीएफ पंचायत और विधानसभा चुनाव जीतेगा। असली सवाल जीत के बाद का है। केरल में बेरोजगारी बड़ी समस्या है। यूडीएफ और कांग्रेस को ऐसा रोडमैप देना होगा, जिससे युवाओं को नौकरी मिले। मंच पर मौजूद नेतृत्व केरल की जनता की जरूरतों को समझता है और उन्हें पूरा कर सकता है।

### राहुल बोले- चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना

इससे पहले राहुल ने एक कार्यक्रम में कलामासेरी में डॉ. एम लीलावती को केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि कोई भी देश अगर चुप रहता है तो वो महान नहीं हो सकता। चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना छुपी होती है। उन्होंने कहा कि महान राष्ट्र और महान लोग तब बनते हैं, जब वे अपने विचार और राय खुलकर व्यक्त करते हैं और उनके लिए संघर्ष करते हैं। केरल कांग्रेस की महापंचायत के बीच स्टेज पर आकर एक बच्चे ने राहुल के साथ सेल्फी ली। इसके बाद बच्चे ने राहुल ने बच्चे के चॉकलेट भी दी।

## ग्रीनलैंड को ट्रम्प से बचाने ब्रिटेन ने 1 सैनिक भेजा

**नुउक (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बीच यूरोप की 'सैन्य एकजुटता' अब मजाक का विषय बनती दिख रही है। ग्रीनलैंड की सुरक्षा के नाम पर ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा है, जबकि सात यूरोपीय देशों के करीब 40 सैनिक राजधानी नुउक पहुंचे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे ह्र्रू देशों ने मिलकर ऑपरेशन आर्कटिक एंड्योरेंस नाम से जॉइंट मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया है। ये सैनिक इसी में शामिल होने पहुंचे हैं। इस पूरे सैन्य अभ्यास पर सवाल उठाते हुए इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इसे एक मजाक करार दिया है।

# राजस्थान के 6 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## जयपुर में अचानक बदला मौसम, बादल छाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। बादल छा गए और कुछ इलाकों में आंधी चली। मौसम विभाग ने इस सप्ताह प्रदेश में मावठ का दौर शुरू होने की संभावना जताते हुए 22 जनवरी को 6 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहले जयपुर, कोटा, अलवर, दौसा, भरतपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में सुबह हल्का कोहरा रहा। बीकानेर के ग्रामीण इलाकों में घने कोहरे के कारण सुबह विजिबिलिटी शून्य हो गई थी। टोंक में 50 मीटर की विजिबिलिटी रही। बीकानेर में एक बार फिर सर्द हवा ने तापमान गिरा दिया है। उधर, दिल्ली- जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के सोतानाला फ्लाईओवर के पास एक ट्रेलर पलट गया। आशंका जताई जा रही है कि घने कोहरे के कारण यह हादसा हुआ। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे कचरे से भरा हुआ 18 चक्का ट्रेलर हाईवे के बीच पलट गया। इससे दिल्ली से जयपुर की तरफ जाने वाली लेन में 4 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। मौके पर पनियाला पुलिस मौजूद है, जो क्रेन और जेसीबी की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को हटवा रही है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर ट्रेलर पलटा, जाम

दिल्ली- जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के सोतानाला फ्लाईओवर के पास एक ट्रेलर पलट गया। आशंका जताई जा रही है कि घने कोहरे के कारण यह हादसा हुआ। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे कचरे से भरा हुआ 18 चक्का ट्रेलर हाईवे के बीच पलट गया। इससे दिल्ली से जयपुर की तरफ जाने वाली लेन में 4 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। मौके पर पनियाला पुलिस मौजूद है, जो क्रेन और जेसीबी की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को हटवा रही है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।



### 10 शहरों में पारा डबल डिजिट के ऊपर दर्ज

10 से ज्यादा शहरों में रविवार को न्यूनतम तापमान डबल डिजिट (10 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर दर्ज हुआ था। अधिकतम तापमान में रविवार को 2 से 4 डिग्री तक गिरावट हुई। पिछले 24 घंटे में बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा संभाग के एरिया में आसमान साफ रहा, जबकि जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभाग के एरिया में हल्के बादल छाए। बादलों के कारण इन तीनों संभागों के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई।

### प्रदेश में सबसे कम तापमान करौली का

जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, उदयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी, बीकानेर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, झुंझुनूं में रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस करौली में दर्ज हुआ। इससे पहले रविवार सुबह अलवर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और झुंझुनूं के एरिया में कोहरा भी छाया।

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत ने पोलैंड से मांगी मदद




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उपप्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के सामने सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियों पर जोर दिया। उन्होंने पोलैंड से आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस दिखाने और भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद न करने की अपील की। मीटिंग के दौरान अपनी शुरुआती बातचीत में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पोलैंड के बीच रिश्ते लगातार आगे बढ़े हैं, हालांकि लगातार ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, उप प्रधानमंत्री आप हमारे इलाके के लिए अनजान नहीं हैं और क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म की लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।